https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 94 | जयपुर, सोमवार, 16 मार्च, 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विसं 2082 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### सुरक्षित निकला भारतीय टैंकर 'जग लाडकी'



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर जग लाडकी खतरनाक समुद्री क्षेत्र से सुरक्षित निकलकर भारत के एक बंदरगाह की ओर रवाना हो गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार शनिवार को फुजैराह तेल टर्मिनल पर हमले के समय जहाज वहां तेल लोड कर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय कर्मचारी सुरक्षित हैं। टैंकर ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन कच्चा तेल लोड किया और बाद में हाई-रिस्क समुद्री क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकल गया।

### ईरान मुद्दे पर भारत का रुख सही: दत्तात्रेय होसबाले




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के अंतिम दिन सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि ईरान को लेकर भारत सरकार का रुख देशहित में सही है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार का फैसला संतुलित और उचित है। होसबाले ने कहा कि संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों का समर्थन करता है। बांग्लादेश और नेपाल में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद वहां शांति और स्थिरता जरूरी है। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई और कहा कि भारतीयता व हिंदुत्व केवल विचार नहीं, बल्कि जीवनशैली है।

■ पेज 7 भी देखें


## बंगाल में दो चरणों में मतदान: केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोटिंग

# 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान, 4 मई को नतीजे

**बेधड़क** । नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल व तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोटिंग होगी, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अनुसार इन चुनावों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 900 मतदाताओं की औसत संख्या रहेगी। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात और महाराष्ट्र की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।




### ■ पश्चिम बंगाल

विधानसभा सीटें: 294
बहुमत: 148

**पहला चरण: 23 अप्रैल**

- **विधानसभा सीटें:** 152
- **नॉमिनेशन:** 30 मार्च से 6 अप्रैल तक
- **नामांकन जांच:** 7 अप्रैल
- **नाम वापसी:** 9 अप्रैल
- **मतदान:** 23 अप्रैल

**दूसरा चरण: 29 अप्रैल**

- **विधानसभा सीटें:** 142
- **नॉमिनेशन:** 2 से 9 अप्रैल
- **नामांकन जांच:** 10 अप्रैल
- **नाम वापसी:** 13 अप्रैल
- **मतदान:** 29 अप्रैल

### ■ असम

विधानसभा सीटें: 126
बहुमत: 64

- **नॉमिनेशन:** 16 मार्च से 23 मार्च तक
- **नामांकन जांच:** 24 मार्च
- **नाम वापसी:** 26 मार्च
- **मतदान:** 9 अप्रैल

### ■ तमिलनाडु

विधानसभा सीटें: 234
बहुमत: 118

- **नॉमिनेशन:** 30 मार्च से 6 अप्रैल तक
- **नामांकन जांच:** 7 अप्रैल
- **नाम वापसी:** 9 अप्रैल
- **मतदान:** 23 अप्रैल

### ■ केरल

विधानसभा सीटें: 140
बहुमत: 71

- **नॉमिनेशन:** 16 मार्च से 23 मार्च तक
- **नामांकन जांच:** 24 मार्च
- **नाम वापसी:** 26 मार्च
- **मतदान:** 9 अप्रैल

### ■ पुडुचेरी

विधानसभा सीटें: 30
बहुमत: 16

- **नॉमिनेशन:** 16 मार्च से 23 मार्च तक
- **नामांकन जांच:** 24 मार्च
- **नाम वापसी:** 26 मार्च
- **मतदान:** 9 अप्रैल

### 4 राज्यों में SIR के बाद चुनाव

भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के बाद सबसे अधिक मतदाताओं के नाम तमिलनाडु में हटाए गए हैं। 27 अक्टूबर 2025 को शुरू हुई प्रक्रिया के समय राज्य में 6.41 करोड़ मतदाता थे, जिनमें से करीब 74.07 लाख नाम हटाए गए। अब यहां 5.67 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में लगभग 58 लाख, केरल में करीब 8 लाख, असम में करीब 2 लाख और पुडुचेरी में लगभग 77 हजार मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। असम में स्पेशल रिवीजन (SR) कराया गया था।

## राजस्थान के विकास और केंद्र से सहयोग पर हुई चर्चा

# CM भजनलाल की वित्त मंत्री से मुलाकात

**बेधड़क** । नई दिल्ली/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली, जिसमें राजस्थान के सर्वांगीण विकास और केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री जोधपुर हाउस से रवाना होकर वित्त मंत्री के आवास पहुंचे। बैठक में राज्य में समावेशी विकास, लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने विशेष सहायता योजना (SASCI) के तहत राजस्थान को मिल रहे केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य में पूंजीगत निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति मिल रही है। वित्त मंत्री ने भी राजस्थान के विकास कार्यों में केंद्र सरकार की ओर से सकारात्मक सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहयोग 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

### उपेंद्र राय को राहत, SC ने सीबीआई की एसएलपी खारिज की



**बेधड़क.नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की उस स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) को खारिज कर दिया है, जिसमें भारत एक्सप्रेस के चेयरमैन उपेंद्र राय के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने 9 मार्च के आदेश में स्पष्ट किया कि इस मामले से संबंधित यदि कोई अन्य याचिका या आवेदन लंबित है, तो उसे भी निस्तारित माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से उपेन्द्र राय को बड़ी राहत मिली है।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा पत्र

# निजी स्वार्थ और अहंकार से प्रेरित था प्रस्ताव: मोदी



**बेधड़क** । नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव के खारिज होने के बाद उन्हें पत्र लिखकर बधाई दी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रस्ताव निजी स्वार्थ और अहंकार से प्रेरित राजनीतिक कदम था। मोदी ने अपने पत्र में कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संवैधानिक संस्थाएं हैं और इनमें संसद सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी केवल सदन की कार्यवाही चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय नियमों और संस्थागत गरिमा के संरक्षक भी होते हैं। मोदी ने कहा कि लोकसभा में बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिरना इस बात का संकेत है कि सदन के अधिकांश सदस्यों ने इस राजनीतिक कदम को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने बिरला के उस वक्तव्य की भी सराहना की, जो उन्होंने प्रस्ताव गिरने के बाद सदन में दिया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, बिरला ने संसदीय इतिहास, नियमों की सर्वोच्चता और अध्यक्ष की जिम्मेदारियों का उल्लेख संतुलन, धैर्य और स्पष्टता के साथ किया।

### असहमति और असम्मान के बीच स्पष्ट सीमा होनी चाहिए

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वंशवादी और सामंती मानसिकता से ग्रस्त कुछ लोग लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने सीमित दायरे में कैद रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग किसी नए व्यक्ति के उभरने को सहज रूप से स्वीकार नहीं कर पाते और यह सोच लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। मोदी ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं और विचारों की विविधता ही उसे जीवंत बनाती है, लेकिन असहमति और असम्मान के बीच स्पष्ट सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी राजनीतिक मतभेद संसदीय मर्यादा की अनदेखी में बदल जाते हैं, जो लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए चिंता का विषय है।

### संसदीय लोकतंत्र में पीएम मोदी का अटूट विश्वास: लोकसभा अध्यक्ष



लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके पत्र के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा भारत के संसदीय लोकतंत्र के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं में अटूट विश्वास व्यक्त किया है। बिरला ने कहा कि मोदी का पत्र लोक सेवा के उच्च नैतिक मूल्यों को दर्शाता है, जिन्हें उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में निभाया है, चाहे प्रधानमंत्री के रूप में या पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संसद की मूल भावना संवाद, तर्क और विचार-विमर्श में गहरा विश्वास रखते हैं और सदन में उठने वाली हर आवाज को करोड़ों भारतीयों की आवाज के रूप में सम्मान देते हैं। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर संसद, राज्य विधानमंडलों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करेगा तथा लोकतंत्र के नैतिक आधार को और मजबूत करेगा।

स्पीकर बिरला ने सांसदों को लिखा पत्र... पेज 8 पर देखें

## फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से 'चित्तौड़गढ़ मेवाड़ गौरव सम्मान सीजन-4' का आयोजन

# जिम्मेदार पत्रकारिता की मिसाल बना 'फर्स्ट इंडिया न्यूज': गौतम दक

### चित्तौड़गढ़ वीरता, सम्मान और स्वाभिमान की जीवंत परंपरा का प्रतीक: पवन अरोड़ा

1st इंडिया NEWS

**बेधड़क** । चित्तौड़गढ़

फर्स्ट इंडिया न्यूज की पहल 'चित्तौड़गढ़ मेवाड़ गौरव सम्मान सीजन-4' का आयोजन रविवार को चित्तौड़गढ़ के होटल अमृत मंथन में किया गया। कार्यक्रम में मेवाड़ क्षेत्र की उन विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज, जनसेवा, संस्कृति और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि चित्तौड़गढ़ से सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में निम्बाहेड़ा से विधायक श्रीचंद कृपलानी (पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री), चित्तौड़गढ़ से विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन से विधायक अर्जुनलाल जीनगर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, चित्तौड़गढ़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, पूर्व डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट तथा फर्स्ट इंडिया के सीनियर एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।




*फर्स्ट इंडिया न्यूज के 'चित्तौड़गढ़ मेवाड़ गौरव सम्मान सीजन-4' में मंचस्थ सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक और फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के साथ (बाएं से) जिनेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन लाल जीनगर, चंद्रभान सिंह आक्या, सीपी जोशी, श्रीचंद कृपलानी, आईएएस आलोक रंजन, उदयलाल आंजना, प्रमोद सिसोदिया, आईपीएस मनीष त्रिपाठी, और बद्रीलाल जाट।* **फोटो: पंकज शर्मा**



"फर्स्ट इंडिया न्यूज ने हर खबर को प्रसारित करने से पहले उसकी पूरी तरह पुष्टि कर अपनी विश्वसनीयता बनाई है। एक छोटी-सी खबर भी हजारों लोगों को प्रभावित कर सकती है, इसलिए जिम्मेदारी और सत्यापन बेहद महत्वपूर्ण है।

**- गौतम कुमार दक,**
सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री



"चित्तौड़गढ़ अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, लेकिन जिले में पर्यटन अवसंरचना, कौशल संस्थानों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

**- पवन अरोड़ा,**
सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर,
फर्स्ट इंडिया न्यूज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम कुमार दक ने जिम्मेदार पत्रकारिता की भूमिका की सराहना की। यह कार्यक्रम फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में अरोड़ा ने मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा को नमन करते हुए कहा, चित्तौड़गढ़ वीरता, सम्मान और स्वाभिमान की जीवंत परंपरा का प्रतीक है।

## जरूरी खबर

### ऑनलाइन कैब सेवाओं पर दायर याचिका खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने ऑनलाइन कैब सेवाओं ओला, उबर और रैपिडो के संचालन को लेकर दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से नए एग्रीगेटर नियम लागू किए जाने के बाद यह याचिका अब अप्रासंगिक हो चुकी है। राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ में जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब सरकार इस विषय पर नया कानूनी ढांचा लागू कर चुकी है, तब इस मामले में आगे सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह जाती। यह जनहित याचिका जयपुर महानगर तिपहिया वाहन चालक यूनियन की ओर से दायर की गई थी। यूनियन ने तर्क दिया था कि एप आधारित कैब सेवाओं के तेजी से विस्तार से पारंपरिक ऑटो चालकों की आजीविका प्रभावित हो रही है और इनके संचालन के लिए सख्त नियम बनाए जाने चाहिए।

### राजस्थान में ऊंटों की घटती संख्या पर हाई कोर्ट सख्त

**जयपुर।** राजस्थान में राज्य पशु ऊंट की लगातार घटती संख्या को लेकर राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार पर नाराजगी जताई है। जयपुर पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि संरक्षण के लिए कानून बनने के बाद भी ऊंटों की स्थिति सुधरने के बजाय और खराब हो गई है, जो गंभीर चिंता का विषय है। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह टिप्पणी ऊंटों की घटती संख्या पर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की। राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिए समय मांगे जाने पर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च तक स्थगित कर दी।

### साझा संस्कृति का प्रतीक है मेवात: डॉ. किरोड़ीलाल मीणा

**जयपुर।** अलवर जिले के प्रभारी मंत्री और कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रविवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने फ्रेंड्स गार्डन में शहीद राजा हसन खां मेवाती के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. मीणा ने वीर योद्धा हसन खां मेवाती की प्रतिमा को माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात की संस्कृति साझा संस्कृति का प्रतीक है और हसन खां मेवाती की वीरता पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है। इसके बाद डॉ. मीणा अंबेडकर नगर में मीणा बालिका छात्रावास में आयोजित भामाशाह सम्मान एवं होली मिलन समारोह में पहुंचे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर जयपुर में हुआ राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन

# गैस की किल्लत नहीं, 3 से 5 दिन में मिल रहे सिलेंडर: गोदारा

- अगले 5-7 दिन में कमर्शियल सिलेंडर की स्थिति सामान्य होने का दावा
- उपभोक्ता संरक्षण में राजस्थान को मॉडल राज्य बनाने का लक्ष्य

**बेधड़क | जयपुर**

देश के कई हिस्सों में एलपीजी गैस की किल्लत की खबरों के बीच राजस्थान के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और बुकिंग के बाद तीन से पांच दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी तेजी से सामान्य की जा रही है और अगले पांच से सात दिन में हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे। गोदारा ने रविवार को विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन में शामिल होने के दौरान यह बात कही। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले एक वर्ष में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राजस्थान को देश का मॉडल राज्य बनाना है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर गैस किल्लत के मुद्दे को बेवजह तूल देने का भी आरोप लगाया है।

### गैस सप्लाई की लगातार मॉनिटरिंग

एलपीजी गैस की किल्लत पर गोदारा ने कहा कि प्रदेशभर में गैस आपूर्ति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और कहीं भी घरेलू गैस की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में गैस बुकिंग वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत आई थी, जिसे अब ठीक कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस एजेंसियों की हेल्पलाइन के अलावा वैकल्पिक नंबर भी जारी किए गए हैं, जिन पर उपभोक्ता गैस सिलेंडर बुक करा सकते हैं। सीएनजी पंपों पर लंबी कतारों पर गोदारा ने कहा कि सीएनजी भरने में समय अधिक लगता है, इसलिए पहले भी पंपों पर कतारें लगती रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति भी पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति के लिए सरकार ने विशेष एसओपी जारी की है। इसके तहत जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में समितियां बनाकर प्राथमिकता तय की गई है। शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, पीजी और कोचिंग संस्थानों को कॉमर्शियल सिलेंडर प्राथमिकता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



### डुप्लीकेट ब्रांड चुनौती, जागरूकता जरूरी

सम्मेलन में अपने संबोधन में गोदारा ने कहा कि बाजार में डुप्लीकेट ब्रांड की बढ़ती बिक्री एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दौर में उपभोक्ताओं के अधिकारों और सुरक्षा को तय करना बेहद जरूरी है। इसके लिए विभाग विभिन्न नवाचारों के माध्यम से उपभोक्ता अदालतों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता आयोगों में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया है। इसके साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की सुविधा भी शुरू की गई है।

### हर साल 1600 करोड़ के अपव्यय पर रोक

गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लोगों के नाम हटाने के लिए राज्य सरकार ने 'गिव अप' अभियान शुरू किया था। इस अभियान के तहत करीब 55 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ी, जबकि 27 लाख लोगों के नाम ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण सूची से स्वतः हट गए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा पोर्टल दोबारा शुरू होने पर करीब 77 लाख नए पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया है। इससे हर साल करीब 1600 करोड़ रुपए के अपव्यय पर रोक लगी है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एपी साही, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छावा, कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अनन्त शर्मा, प्रदेश के उपभोक्ता मामला विभाग के सचिव अम्बरीष कुमार सहित कई विशेषज्ञों ने उपभोक्ता संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे।

### उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष-सदस्य को 15 अवकाश

गोदारा ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को वार्षिक रूप से 15 अवकाशों की भी स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि आयोग में शिकायत लेकर पहुंचे आमजन के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए।

## अय्यर के बयान पर भाजपा व भाजयुमो का विरोध-प्रदर्शन

# गांधी सर्किल पर सड़क जाम कर मणिशंकर का पुतला दहन किया

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर की ओर से जयपुर के कनोडिया कॉलेज में दिए गए व्याख्यान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी पर रविवार को भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कनोडिया कॉलेज के बाहर सड़क जाम कर पुतला दहन किया। गौरतलब है कि कनोडिया कॉलेज में 'भारत का भविष्यः छद्म हिंदुत्व या धर्मनिरपेक्ष भारत?' विषय पर व्याख्यान देते हुए मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसी को लेकर भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।



*गांधी सर्किल पर मणिशंकर अय्यर का पुतला फूंककर प्रदर्शन करते भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता।*

### सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए: बगड़ी

भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना पूरे देश का अपमान है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के जनादेश का प्रतीक हैं। उनका अपमान लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। कांग्रेस नेताओं की भाषा की मर्यादा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। अय्यर को सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री और देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

### जयपुर ही नहीं, पूरे राजस्थान में होगा विरोध प्रदर्शन: गोरा

प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का चरित्र ही ऐसा हो गया है कि वे देश को तोड़ने वाली बातें करते हैं और पाकिस्तान से बातचीत की बात करते हैं। गोरा ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी जारी रही तो जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में उनका विरोध किया जाएगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि हाल ही में यूथ कांग्रेस के कार्यक्रम में भी विवादित घटनाएं हुई थीं, जिस पर कांग्रेस नेतृत्व की प्रतिक्रिया सबने देखी है। गोरा ने कहा कि अय्यर पहले भी प्रधानमंत्री की जाति को लेकर बयान दे चुके हैं और राजस्थान का युवा अब इसे सहन नहीं करेगा। भाजपा नेता एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने कहा कि यदि देश के प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाएगा तो जनता इसका कड़ा विरोध करेगी और अय्यर जैसे नेताओं का भारत में रहना मुश्किल हो जाएगा।

### अय्यर अपने बयान पर माफी मांगें: भूपेंद्र सैनी

भाजपा के महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अय्यर तुरंत अपने बयान पर माफी मांगें और कांग्रेस पार्टी को इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी जारी रही तो भाजपा पूरे प्रदेश में इसी तरह विरोध प्रदर्शन करेगी। देश की जनता अब इस तरह की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। अय्यर मार्क्सवादी लोगों के हाथों की कठपुतली बनकर ऐसे बयान दे रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, एकता अग्रवाल, नारायण मीना, अपूर्वा सिंह, भाजपा कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश प्रवक्ता स्टेफी चौहान, जीएन पारीक, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा और महिला कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जारी रह सकते हैं प्रदर्शन: राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अय्यर के बयानों का विरोध उसी स्थान पर किया जाना चाहिए, जहां उन्होंने ये बोल बोले थे। भाजयुमो ने प्रदर्शन के लिए कनोडिया कॉलेज को ही चुना, जहां बीते दिनों अय्यर ने पीएम मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। राठौड़ ने बताया कि भाजपा के युवा नेताओं ने कॉलेज के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अय्यर के खिलाफ युवा मोर्चा के प्रदर्शन जारी रह सकते हैं। तमिलनाडु में भी भाजपा की ओर से विरोध व्यापक होगा, क्योंकि अय्यर का ताल्लुक इसी राज्य से है।

### सीएम से प्रशासक नियुक्त करने की मांग

इस बीच, राजस्थान विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य और भाजपा नेता अखिल शुक्ला ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मांग की है कि कनोडिया गर्ल्स कॉलेज ट्रस्ट में प्रशासक नियुक्त किया जाए। उन्होंने अय्यर के बयानों को लेकर जांच आयोग गठित करने की भी मांग की है। शुक्ला ने आरोप लगाया कि वर्तमान ट्रस्ट पदाधिकारियों ने महाविद्यालय को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। उन्होंने प्रकरण से संबंधित दोषियों को गिरफ्तार करवाने की भी मांग की।

## गैस पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

# ईरान के साथ भारत के पुराने संबंध, करनी चाहिए निंदा



*जयपुर में कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।*

**बेधड़क | जयपुर**

एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज कर दिया है। प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में रविवार को विरोध प्रदर्शन किए गए। जयपुर के किशनपोल, हवामहल, सिविल लाइंस, आदर्श नगर, मालवीय नगर, बगरू, विद्याधर नगर और सांगानेर विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस विधायकों और प्रत्याशियों के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान खाचरियावास ने कहा कि रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस पूरे देश में आंदोलन कर रही है। उन्होंने ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान से भारत के पुराने संबंध हैं और भारत को अमेरिका व इजराइल की दादागिरी की निंदा करनी चाहिए।

### सीकर में किया सद्बुद्धि यज्ञ



सीकर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और सीकर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को जाट बाजार में सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ और दुआ एक साथ की। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गिठाला सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुनीता गिठाला ने कहा कि गैस की कमी के कारण कई फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं और गैस से चलने वाले ऑटो व अन्य वाहन भी ठप हो गए हैं। हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोगों को लॉकडाउन की तरह काम छोड़कर घर लौटना पड़ रहा है, इसलिए सरकार के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की गई।

## नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां तेज

**बेधड़क | जयपुर**

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए सत्र की सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए। कुणाल ने बजट 2026-27 में शिक्षा से जुड़ी घोषणाओं की क्रियान्विति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निपटाने और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में लागू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बजट प्रावधानों के प्रभावी अमल पर चर्चा हुई। शासन सचिव ने सभी अधिकारियों को प्रबंध पोर्टल पर आवश्यक एंट्री शीघ्र अपडेट करने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।

## प्राचीन पांडुलिपियों और ग्रंथों के सर्वे का कार्य आज से

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों का व्यापक सर्वे सोमवार से शुरू होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के तहत चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य देश की अमूल्य पांडुलिपि विरासत का संरक्षण करना और उन्हें डिजिटल रूप में सुरक्षित करना है। राजस्थान संस्कृत अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सर्वे कार्य मार्च, अप्रैल और मई तीन माह में पूरा होगा। सभी जिला कलेक्टरों, विश्वविद्यालयों और संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं।

## पेयजल व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



**बेधड़क | जयपुर**

हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने क्षेत्र में नगर निगम और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सफाई व्यवस्था, सीवर लाइन, सड़क निर्माण, उद्यान संधारण, नालों की सफाई तथा नए ड्रेनेज निर्माण सहित निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक ने सफाई निरीक्षकों को क्षेत्र में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने, नए ट्यूबवेल लगाने, खराब हैंडपंप और ट्यूबवेल की मरम्मत तथा पानी के टैंकरों की आपूर्ति की प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## राजस्थान मजदूर कांग्रेस (इंटक) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

# सरकार पर निशाना, श्रम कानूनों को बताया मजदूर विरोधी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को राजस्थान मजदूर कांग्रेस (इंटक) की प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रदेशभर से आए संगठन के पदाधिकारियों ने शपथ ली और मजदूर वर्ग के ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस मौके पर संगठन ने 21 सूत्री मांग पत्र को सर्वसम्मति से पारित किया, जिसमें श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, निजीकरण के खिलाफ कड़ा रुख और चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। समारोह में कई वक्ताओं ने केंद्र और राजस्थान की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पूंजीपतियों के हित में श्रम कानूनों में बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की ओर धकेला जा रहा है। लेबर कोर्ट के नाम पर श्रमिकों के अधिकारों का हनन होने की बात कही।



*राजस्थान मजदूर कांग्रेस (इंटक) की प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मंच पर उपस्थित पदाधिकारी एवं मौजूद सदस्य।*

### प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली ने की बड़ी घोषणा

राजस्थान मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकारें पूंजीपतियों की नीति पर चल रही हैं। श्रम कानून बदलकर मजदूरों को गुलाम बनाने की कोशिश हो रही है, जिसके विरोध में हमारा संगठन लगातार आंदोलनरत है। उन्होंने हालिया जलदाय विभाग निजीकरण विरोधी घेराव का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार ने लिखित आश्वासन दिया है कि विभाग का निजीकरण नहीं होगा। श्रीमाली ने चेतावनी दी कि यदि किसी अन्य विभाग में भी निजीकरण की साजिश रची गई तो संगठन चुप नहीं बैठेगा।

### निकाय-पंचायत चुनाव में प्रतिनिधित्व की मांग

श्रीमाली ने 21 सूत्री मांग पत्र के 21वें संकल्प पर जोर देते हुए कहा कि निकाय और पंचायत चुनावों में मंडल-ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस पार्टी से हमारे कार्यकर्ताओं को उचित टिकट मिलना चाहिए। श्रीमाली ने बताया कि राजस्थान मजदूर कांग्रेस (इंटक) में सरकारी, गैर सरकारी, संगठित-असंगठित क्षेत्र, निजी उद्योग, खान-खलिहान, गिग वर्कर्स, ऑटो ड्राइवर और घरेलू कामकाजी महिलाओं सहित लगभग 300 संगठन जुड़े हैं, जो कुल मिलाकर 9 लाख मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## जरूरी खबर

### आपसी रंजिश में फायरिंग, छह बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क, जयपुर।** जगतपुरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। बदमाश रवि शर्मा को ढूंढते हुए जयपुर पहुंचे और झगड़े के दौरान फायरिंग कर दी। गोली बलराम सिंह के बाएं हाथ में लगी। रामनगरिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार दोपहर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया कि आरोपी राजू वैष्णव उर्फ राज, सुमित कुमार, सुनील रॉय , हरिओम गुर्जर, रोहिताश गुर्जर और विजय कुमार को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं। सभी से गहन पूछताछ जारी है।

### सूरजपोल में पतंग के मांझे से युवक का गला कटा



**बेधड़क, जयपुर।** सूरजपोल मंडी रोड पर रविवार शाम पतंग के मांझे से एक बाइक सवार युवक का गला कट गया। घायल युवक को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत संभाला और अस्पताल पहुंचाया। बिहार निवासी नितिन यादव सूरजपोल मंडी में मजदूरी करता है। रविवार शाम बाजार से सब्जी लेकर बाइक से अपने निवास की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक मांझा उसके गले में उलझ गया और गला गहराई से कट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बाइक रोककर युवक को संभाला और सड़क किनारे बैठाया।

### 21% से 91.8% तक पहुंचा पूर्ण टीकाकरण

**बेधड़क, जयपुर।** बीमारू राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश ने टीकाकरण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। तीन दशक पहले राज्य में पूर्ण टीकाकरण केवल 21% था, जो 2024-25 में बढ़कर 91.8% हो गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि इससे लाखों बच्चों और माताओं को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा मिली है और मातृ-शिशु मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है। राज्य में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बीसीजी, पेंटावेलेंट, पोलियो, रोटा वायरस, पीसीवी, खसरा-रूबेला, डीपीटी, टीडी सहित 10 प्रमुख टीके दिए जाते हैं। टीकाकरण कवरेज में लगातार सुधार हुआ है।

**पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम का मिजाज,** कई जिलों में तेज हवाएं और बूंदाबांदी से गर्मी से मिला राहत

# आंधी-बारिश से गर्मी पर ब्रेक... पारा तीन डिग्री तक गिरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से मार्च की तेज होती गर्मी पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। शनिवार देर रात से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रविवार को भी कई स्थानों पर जारी रहा। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।


मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के उत्तरी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी दर्ज की गई, जबकि शेष अधिकांश जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहा। आंकड़ों के अनुसार झुंझुनूं जिले में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि पिलानी में भी हल्की बारिश हुई।

राजधानी जयपुर सहित टोंक, अजमेर और दौसा समेत कई जिलों में शनिवार देर रात और रविवार अलसुबह तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। शेखावाटी क्षेत्र में विक्षोभ का असर अधिक देखने को मिला, जहां कई स्थानों पर बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलीं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 16 और 17 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, लेकिन गर्मी फिलहाल ज्यादा तीखी नहीं होगी।

### जयपुर का पारा 35 डिग्री के पार

चित्तौड़गढ़ में रविवार को सबसे अधिक 38.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके साथ ही कोटा में भी पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ये दोनों शहर राज्य के सबसे गर्म क्षेत्र रहे। पश्चिमी राजस्थान की बात करें तो बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री और जैसलमेर में 35.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं अजमेर में 34.6 डिग्री और उदयपुर (डबोक) में 35.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है। जयपुर में न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



### फिर सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 18 से 21 मार्च के बीच एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से जोधपुर और बीकानेर संभाग में 18 मार्च को कहीं-कहीं मेघगर्जन और हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 19 और 20 मार्च को इस विक्षोभ का असर सबसे ज्यादा रहने की संभावना है। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कई हिस्सों में तेज आंधी (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ बारिश और मेघगर्जन होने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि इन गतिविधियों के कारण अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में तापमान नियंत्रित रहेगा।

**बिक रहे कई खाद्य पदार्थ मानकों से बाहर**

# बाजार में मिलावट का ‘खेल’ जांच में हर चौथा नमूना फेल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है। सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट हुआ है कि बाजार में बिक रहे खाद्य पदार्थों में बड़ी संख्या में गुणवत्ता संबंधी खामियां पाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गति बेहद सुस्त है। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या मिलावटखोरों पर वास्तव में सख्ती हो रही है या फिर पूरी प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक राज्यभर में खाद्य पदार्थों के कुल 31,347 नमूने लिए गए। जांच के दौरान इनमें से बड़ी संख्या में नमूने निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। रिपोर्ट में सामने आया कि कई उत्पाद मिसब्रांडेड, सब-स्टैंडर्ड और असुरक्षित श्रेणी में पाए गए। आंकड़ों के मुताबिक 273 नमूने मिसब्रांडेड, 6,625 सब-स्टैंडर्ड और 755 नमूने असुरक्षित पाए गए। इस तरह कुल 7,653 नमूनों में गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ी सामने आई। यह स्थिति दर्शाती है कि बाजार में बिकने वाले लगभग हर चौथे खाद्य पदार्थ में किसी न किसी प्रकार की कमी मौजूद है। विशेषज्ञों के अनुसार त्योहारों के दौरान दूध-दही, मसाले, मिठाइयों और तेल जैसे उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट के मामले सामने आते हैं। गंभीर बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में खामियां सामने आने के बावजूद सभी मामलों में अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार 7,653 मामलों में से केवल 5,914 मामलों में ही सक्षम न्यायालय में चालान पेश किए गए हैं। इसके अलावा 1,739 प्रकरण अभी भी लंबित बताए गए हैं, जिनमें चालान पेश किया जाना बाकी है। राज्य में हजारों खाद्य पदार्थ मानकों पर खरे नहीं उतरने के बावजूद कार्रवाई अधूरी रहने से विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

### निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे नमूने

**31,347** नमूने लिए गए खाद्य पदार्थों के

**7,653** गुणवत्ता जांच में फेल

**273** पाए गए मिसब्रांडेड

**6,625** निकले सब-स्टैंडर्ड

**755** असुरक्षित श्रेणी में

**5,914** मामलों में चालान पेश




“ बाजार की स्थिति चिंताजनक है। 87% जानलेवा प्रतिबंधित उत्पाद अभी भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि दूध जैसा उत्पाद भी मिलावट से अछूता नहीं है। बाजार की ऐसी स्थिति के कारण ही कैंसर जैसे रोग लगातार फैल रहे हैं। हम सभी को इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।
**-डॉ. अनंत शर्मा,** अध्यक्ष, कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया

### मिलावटखोरों को मिल रहा फायदा

खाद्य सुरक्षा से जुड़े जानकारों का कहना है कि जब किसी मामले में समय पर सख्त कदम नहीं उठाए जाते, तो इसका सीधा लाभ नियमों का उल्लंघन करने वालों को मिलता है। लंबी कानूनी प्रक्रिया और प्रशासनिक ढिलाई के कारण कई आरोपी बच निकलते हैं या मामला लंबे समय तक लटका रहता है। यही कारण है कि कई स्थानों पर घटिया गुणवत्ता और मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार लगातार जारी रहता है। यदि जांच के बाद त्वरित कार्रवाई नहीं होती, तो ऐसे तत्वों का मनोबल और बढ़ जाता है।

### उपभोक्ताओं की सेहत पर खतरा

सब-स्टैंडर्ड या असुरक्षित खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक ऐसे उत्पादों का उपयोग कई बीमारियों की वजह बन सकता है। इसके बावजूद निगरानी और नियंत्रण की प्रक्रिया में ढिलाई उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

**4,500 से धावकों** ने लिया हिस्सा

# सोल्जराथॉन में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा




**बेधड़क** | जयपुर

भारत की सशस्त्र सेनाओं के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने तथा युद्ध में घायल सैनिकों के सहयोग के लिए जयपुर में पहली जयपुर सोल्जराथॉन का आयोजन हुआ। जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित गांडीव स्टेडियम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 4,500 से अधिक धावकों, फिटनेस प्रेमियों, छात्रों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह, आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह तथा भारतीय सेना की दक्षिण-पश्चिम कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वंडर सीमेंट के चेयरमैन अशोक पाटनी ने भी भागीदारी निभाई।

सोल्जराथॉन के फाउंडर मेजर (सेवानिवृत्त) सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य सैनिकों का सम्मान करना, आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और घायल सैनिकों की मदद करना है। आज के आयोजन से 25 लाख रुपए जुटाए गए। दौड़ 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की श्रेणियों में आयोजित हुई, जिसमें 21 और 10 किमी की दौड़ टाइम्ड रन थीं। यह पहल फिटनेस, अनुशासन और देशभक्ति की भावना से प्रेरित एक राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत है। कार्यक्रम ने ‘रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर’ का संदेश देते हुए नागरिकों को सैनिकों के साहस और समर्पण के करीब लाने का प्रयास किया।



*कार्यक्रम को संबोधित करते मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह।*

**आधा घंटे में आग पर पाया काबू,** कोई हताहत नहीं

## गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी आग

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के एक मकान में बने टीनशेड के कमरों में रविवार शाम आग लग गई। आग की लपटों की चपेट में आने से कमरे में रखा घरेलू गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। मानसरोवर फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की मदद से दीवार तोड़कर आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एफओ देवांग यादव ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी के नजदीक गिरिराज नगर में एक प्लॉट में टीनशेड के चार कमरे बने हुए हैं। देर शाम अज्ञात कारणों के चलते बंद पड़े कमरों में आग लग गई। धुएं के गुबार के साथ कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कमरों की दीवार तोड़कर करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए दो दमकल मौके पर पहुंचीं।



**उद्योग, व्यापार और राजनीतिक** जगत की हस्तियां हुईं शामिल

## फोर्टी फागोत्सव में रंग, रस और रौनक

**बेधड़क** | जयपुर

फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) की ओर से जयपुर के ईपी ईस्ट लॉन में ‘फाग उत्सव-2026’ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर पारंपरिक गीत-संगीत और होली के रंगों के साथ उत्सव का आनंद लिया। इसमें उद्योग, व्यापार, सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। फागोत्सव में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, विधायक कुलदीप धनकड़, विधायक रफीक खान, भाजपा नेता रामचरण बोहरा, अशोक परनामी, अशोक लाहोटी, मुकेश पारीक, ज्योति खंडेलवाल, निवर्तमान महापौर कुसुम यादव, पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल, आईपीएस योगेश दाधीच, जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील सहित उद्योग, व्यापार, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, संरक्षक सुरजाराम मील, राजेंद्र सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष पी.डी. गोयल, अरुण अग्रवाल, विनोद गुप्ता, मुख्य सचिव नरेश सिंहल, गिरधारी खंडेलवाल, सुरेश सैनी, रवि जिंदल, अनुराग खेतान, वुमन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल, अजय अग्रवाल तथा संयोजक अरविंद अग्रवाल ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत किया।



**ट्रैफिक सुधार की नई पहल**

# जयपुर में 229 नए मार्शल सड़कों पर तैनात

### शहर की पुलिस पर बोझ होगा कम

**बेधड़क** | जयपुर

शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने और यातायात अनुशासन को बेहतर बनाने के लिए जयपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से अब तक 1072 ट्रैफिक मार्शल लगाए जा चुके हैं।

इनमें से 229 ट्रैफिक मार्शलों को रविवार को प्रशिक्षण के बाद तैनात किया गया है। इन ट्रैफिक मार्शलों को ट्रैफिक पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ शहर की मुख्य सड़कों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास और भीड़भाड़ वाले बाजारों में लगाया गया है। इनके लगने से पुलिस बल पर दबाव कम होगा और नागरिकों में भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। ट्रैफिक मार्शल को प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटा और अधिकतम तीन घंटे तक ड्यूटी देनी होगी। यदि कोई व्यक्ति चाहे तो पूरे दिन भी योगदान दे सकता है। इसके लिए किसी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा, लेकिन ट्रैफिक मार्शल के रूप में कार्य करने वाले नागरिकों को समय-समय पर सम्मानित किया जाएगा।




### चारों जिलों में ट्रैफिक मार्शल नियुक्त

यातायात शाखा में वर्ष 2025 से लेकर 14 मार्च 2026 तक ट्रैफिक मार्शल नियुक्त किए गए हैं। पूर्व जिले में 369, पश्चिम जिले में 169, उत्तर जिले में 408 और दक्षिण जिले में कुल 123 ट्रैफिक मार्शल नियुक्त किए गए। इस प्रकार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के चारों जिलों में अब तक कुल 1072 ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जा चुके हैं।

**एलपीजी संकट**

# पटरी पर लौटने लगी सप्लाई

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले कुछ दिनों से पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण राजस्थान में एलपीजी आपूर्ति बाधित रही। राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में रसोई गैस की कमी से आमजन और व्यावसायिक संस्थानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रविवार तक रिफिलिंग प्लांट बंद रहने से सप्लाई सीमित रही, लेकिन अब धीरे-धीरे व्यवस्था सामान्य हो रही है और सोमवार से आपूर्ति पटरी पर लौटने की उम्मीद है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह गहलोत ने बताया कि सोमवार से सप्लाई सामान्य हो जाएगी। उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग अब फिर से शुरू हो गई है और कई लोगों को बुकिंग संबंधी संदेश मिलने लगे हैं। एजेंसियों के अनुसार, वर्तमान में सप्लाई सामान्य स्तर से लगभग 15% अधिक है, जिससे बुकिंग और डिलीवरी की समस्याएं अब समाप्त हो गई हैं। आमजन अब फोन कॉल पर या एसएमएस या आईवीआर माध्यम से बुकिंग करवा पा रहे है। पहले यह सेवा बंद हो गई थी और कॉल नहीं लग रहे थे।



### कतारें हुई कम

गुर्जर की थड़ी सहित कई पेट्रोल पंपों पर पिछले दो दिनों में एलपीजी लेने के लिए लंबी कतारें लगी थीं, लेकिन रविवार को पर्याप्त गैस मिलने से स्थिति सुधर गई। हालांकि कुछ आ ॅटो और हूपर अलसुबह ही एलपीजी लेने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंच गए। ऐसे में उद्योग और आमजन दोनों ही राहत महसूस करने लगे है और स्थितियों में सुधार आने लगा है।

## जरूरी खबर

### सड़क हादसे में आरपीडीए अध्यक्ष की पत्नी का निधन



**सरदारशहर।** नागौर जिले के जायल क्षेत्र के पास हुए सड़क हादसे में राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (आरपीडीए) के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी की पत्नी दुर्गाकंवर का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार भाटी की फॉरच्यूनर कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में राजेंद्र सिंह भाटी और उनका ड्राइवर भी घायल हो गए। भाटी के हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। हादसे के बाद भाटी ने अपनी पत्नी के नेत्रदान भी कराए। घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोलियम डीलर्स और परिचितों में शोक की लहर फैल गई।

### डबल मर्डर केस में दूसरे दिन भी तनाव, जाप्ता तैनात

**उदयपुर।** उदयपुर में दो दोस्तों की हत्या के बाद दूसरे दिन भी क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। बाघपुरा थाने के बाहर रविवार सुबह से ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। स्थिति को देखते हुए तीन थानों का पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। ग्रामीण आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा और संविदा पर नौकरी की मांग पर अड़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक शव नहीं उठाएंगे। शुक्रवार रात करीब छह बदमाशों ने रास्ता रोककर सुरेश अहारी और भैरूलाल बड़गोजा पर हमला कर उनकी हत्या कर दी थी, जबकि बीच-बचाव करने आया युवक गंभीर घायल हो गया।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने थाने के बाहर पिया जहर



**बांसवाड़ा।** जिले के दानपुर थाना परिसर में शनिवार को घरेलू विवाद के बीच एक युवक ने जहरीली दवा पी ली। जानकारी के अनुसार छोटी सरवन निवासी पंकज पुत्र अमरू की पत्नी लता पिछले सात महीनों से मायके में रह रही थी। पंकज शनिवार को उसे घर ले जाने ससुराल पहुंचा, लेकिन पत्नी ने साथ जाने से इनकार कर दिया। विवाद बढ़ने पर दोनों दानपुर थाने पहुंच गए, जहां बहस के दौरान पंकज ने अपने पास रखी जहरीली दवा पी ली। तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले नजदीकी अस्पताल और बाद में बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भीलवाड़ा में लेपर्ड से महिला ने किया मुकाबला

# तेंदुए से भिड़ी महिला, 3 मिनट तक चली जान बचाने की जंग

■ पैर पकड़कर घसीटने लगा तो दांतली से किए वार, सरकारी अस्पताल में चल रहा इलाज



**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के गंगापुर क्षेत्र में एक महिला ने अचानक हुए लेपर्ड के हमले के दौरान हिम्मत दिखाते हुए करीब तीन मिनट तक उससे संघर्ष किया। खेत की ओर जाते समय झाड़ियों में छिपे लेपर्ड ने उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए महिला ने अपने पास मौजूद घास काटने वाले औजार (दांतली) से लगातार वार किए। इस दौरान लेपर्ड ने उसके चेहरे, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर पंजों और दांतों से कई हमले किए। महिला की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी दिखाकर लेपर्ड को भगाया और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब सात बजे गंगापुर के बालाजी नगर इलाके में हुई। समता (40) पत्नी किशन लाल जाट खेत की ओर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में झाड़ियों के पास घात लगाकर बैठे लेपर्ड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और अपने बचाव में दांतली से लेपर्ड पर वार करना शुरू कर दिया।

### ग्रामीण लाठियां लेकर आए तो भागा लेपर्ड

महिला ने बताया कि लेपर्ड लगातार गुर्राते हुए उसके सिर और हाथों पर पंजों से वार कर रहा था। उसने कई बार दांतली से हमला किया, लेकिन लेपर्ड पीछे हटने को तैयार नहीं हुआ। कुछ ही क्षण बाद लेपर्ड ने महिला का पैर अपने मुंह में दबा लिया और उसे घसीटने की कोशिश करने लगा। समता के अनुसार इस दौरान वह लगातार मदद के लिए चिल्लाती रही। करीब तीन से चार मिनट तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। महिला की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने लाठियां दिखाकर और शोर मचाकर लेपर्ड को वहां से भगा दिया।

### महिला के चेहरे और हाथों पर चोट

घटना के बाद घायल महिला को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके चेहरे और हाथों पर चोटों का उपचार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से इलाके के खेतों और आसपास के जंगलों में लेपर्ड की आवाजाही देखी जा रही थी। कई लोगों ने सुबह और शाम के समय लेपर्ड को खेतों के पास घूमते हुए भी देखा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लेपर्ड की गतिविधियों पर नजर रखी जाए और उसे जल्द पकड़ा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## जोधपुर सेंट्रल जेल के वीडियो व तस्वीरें वायरल

# सोशल मीडिया पर इफ्तार के फोटो देख जागा जेल प्रशासन

■ तलाशी के दौरान 13 मोबाइल और 11 सिम बरामद

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर सेंट्रल जेल में आयोजित इफ्तार पार्टी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जेल प्रशासन हरकत में आ गया। मामले का पता चलते ही जेल अधीक्षक प्रदीप लखावत के नेतृत्व में देर रात तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें 13 मोबाइल फोन और 11 सिम कार्ड बरामद किए गए।

जेल सूत्रों के अनुसार 13 मार्च को क्वार्टर के निर्देश पर एक बैरक में कैदियों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुछ बंदियों ने मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। फोटो सामने आने के बाद प्रशासन को शक हुआ कि जेल के भीतर अवैध रूप से मोबाइल इस्तेमाल हो रहे हैं। इसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष तलाशी अभियान चलाया गया।

जेल अधीक्षक के नेतृत्व में टीम ने वार्ड-7 की बैरक नंबर-3 में आधुनिक मशीनों की मदद से तलाशी ली। जांच के दौरान 7 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 कीपैड फोन और 11 सिम कार्ड बरामद हुए। इनमें से दो मोबाइल बंदियों के पास से मिले, जबकि बाकी 11 मोबाइल अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए थे।

कैदियों ने इन्हें शौचालय, फर्श और नालियों में छिपा रखा था। बताया जा रहा है कि कैदी वसीम खान, वहिद खान, शेखर, सुभाष और करीम ने इफ्तार पार्टी के दौरान सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा की थी। सेल्फी लेने वाला मोबाइल कैदी सलीम वार्ड-10 की बैरक नंबर-2 में बंद नरपत पुत्र चौथाराम से लेकर आया था। तलाशी के दौरान नरपत के बिस्तर से एक मिनी कीपैड मोबाइल बिना सिम कार्ड के मिला, जबकि बंदी करीम के उपयोग में रेडमी कंपनी का एक एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद हुआ।



*जेल में इफ्तार पार्टी का वायरल फोटो। (इनसेट में) कैदियों से बरामद किए गए मोबाइल फोन।*


### तलाशी के दौरान कैदियों ने किया हंगामा

जेल प्रशासन द्वारा बैरक की तलाशी के दौरान कुछ बंदियों ने हंगामा भी किया, हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। फिलहाल जेल प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है और मोबाइल जेल के अंदर कैसे पहुंचे, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले बंदियों और संभावित सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## दुकान में लगी आग कमरों तक पहुंची

# रिटायर्ड टीचर ने परिवार को बचाया, खुद की मौत

■ दमकल टीम को कमरे में बेड पर मिला शव



**बेधड़क** | पाली

शहर के भैरूघाट क्षेत्र में शनिवार देर रात दर्दनाक हादसे में एक रिटायर्ड टीचर की जिंदा जलने से मौत हो गई। घर के नीचे स्थित दुकान में लगी आग धीरे-धीरे ऊपर बने कमरों तक पहुंच गई। धुआं कमरे में भरने पर उन्होंने बेटे, बहू और पोते को जगाकर नीचे सुरक्षित पहुंचाया, लेकिन खुद दोबारा कमरे में जाने के बाद बाहर नहीं लौट सके। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 2.15 बजे भैरूघाट स्थित अमित जनरल स्टोर में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद जब दमकलकर्मी अंदर पहुंचे तो कमरे में बेड पर रिटायर्ड टीचर राजेंद्र कुमार शर्मा (65) का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि घर के नीचे स्थित दुकान को उनका बेटा अमित चलाता है। देर रात दुकान में आग लग गई, जो धीरे-धीरे ऊपर बने कमरों तक पहुंच गई। धुआं भरने पर राजेंद्र कुमार शर्मा की नींद खुली तो उन्होंने पास के कमरे में सो रहे बेटे, बहू और पोते को उठाया और उन्हें नीचे सुरक्षित बाहर ले आए। परिवार के सुरक्षित होने के बाद वे अचानक ऊपर कमरे में कुछ सामान लेने चले गए। इसी दौरान आग तेज हो गई। बेटे अमित ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन ऊपर कमरे में आग भड़क चुकी थी और घर में करंट फैलने से वह अंदर नहीं जा सका। बाद में दमकलकर्मियों ने आग बुझाई तो कमरे में उनका शव मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पदयात्रा में मदन दिलावर के पैर में चुभा कांटा, बोले- राजनीति फूलों की सेज नहीं

**बेधड़क** | कोटा

अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में पदयात्रा कर रहे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को उस समय चर्चा में आ गए, जब उनके पैर में बबूल का कांटा चुभ गया। हालांकि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी तुरंत उनकी ओर दौड़े, लेकिन मंत्री ने उन्हें रोक दिया और खुद ही अपने पैर से कांटा निकाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति कोई फूलों की सेज नहीं है, बल्कि जनसेवा का कठिन मार्ग है। दिलावर ने कहा कि जनसेवा के रास्ते पर चलते समय जनता अक्सर फूल-मालाओं से स्वागत करती है, लेकिन अगर जनता के लिए चलते हुए पैरों में कांटे भी चुभ जाएं तो उन्हें भी आशीर्वाद की तरह स्वीकार करना चाहिए। मंत्री के इस बयान के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। दरअसल, शिक्षा मंत्री 13 मार्च से अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में पदयात्रा कर रहे हैं। मंदिरगढ़ से निकलने के बाद रविवार को उनकी पदयात्रा मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व क्षेत्र से होते हुए केशवपुरा गांव पहुंची। यहां से वे आगे बढ़ते हुए दोपहर करीब 12:30 बजे जसपुरा गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। जसपुरा गांव में मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि अगर गांव के सरकारी स्कूल में 25 और बच्चों का नामांकन कराया जाता है तो उसे तुरंत सेकंडरी स्कूल में क्रमोन्नत कर दिया जाएगा। इसके अलावा छोटे बच्चों की शिक्षा और देखभाल के लिए जनजातीय विकास विभाग के माध्यम से बालवाड़ी खोलने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।



## बाड़मेर में अंतिम संस्कार से लौटते समय हादसा

# बोलेरो पलटने से बेटे की मौत, पिता समेत 12 घायल

■ एक ही परिवार के 13 लोग सवार थे, 6 घायलों को जोधपुर रेफर किया

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले के शिव थाना क्षेत्र में अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे एक ही परिवार के लोगों से भरी बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता सहित 12 लोग घायल हो गए। घायलों में से छह की हालत गंभीर होने पर उन्हें जोधपुर रेफर किया गया है।

यह हादसा बाड़मेर जिले के शिव थाना क्षेत्र के बचाणियों की ढाणी गांव के पास रविवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। सूचना मिलते ही शिव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस के अनुसार बचाणियों की ढाणी निवासी भगाराम का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद परिवार के 13 लोग बोलेरो कैंपर में सवार होकर बीसू कलां स्थित अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि गांव से करीब एक किलोमीटर पहले अचानक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।



हादसे में गाड़ी में सवार हंसराज (24) पुत्र मंशीराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 12 लोग घायल हो गए।

घायलों को तुरंत शिव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बाड़मेर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए मंशीराम, हीराराम, महेंद्र, नेनाराम और कैलाश समेत छह घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया, जबकि छह अन्य घायलों का बाड़मेर अस्पताल में उपचार जारी है।

## मेवाड़ फाउंडेशन का 42वां सम्मान समारोह: 'महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ अलंकरण' की घोषणा

# मानव मूल्यों के प्रहरियों के साथ 81 विद्यार्थियों को भी किया सम्मानित

**बेधड़क** | उदयपुर

मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के 42वें सम्मान समारोह में मानव मूल्यों की विशिष्ट विभूतियों और देश के भविष्य कहे जाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने समारोह में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अलंकरण प्रदान किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भगवान एकलिंगनाथजी और फाउंडेशन के संस्थापक महाराणा भगवत सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपने पिता महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ को स्मरण करते हुए भावुक हो गए और उनकी स्मृति में 'महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ अलंकरण' की शुरुआत की घोषणा की।











### कर्नल जेम्स टॉड सम्मान डॉ. एटकिन को

समारोह में 81 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उपलब्धि हासिल करने वाले इन विद्यार्थियों का सभी अतिथियों ने खड़े होकर तालियों से अभिनंदन किया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर का कर्नल जेम्स टॉड सम्मान अमेरिका की विदुषी डॉ. मॉली एम्मा एटकिन को भारतीय लघुचित्र परंपरा पर उनके शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर का हल्दीघाटी सम्मान वरिष्ठ पत्रकार कमलेश किशोर सिंह को दिया गया। वहीं हकीम खां सूर सम्मान भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर रिज़वान मलिक को वीरता के लिए प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में 'ट्री मैन ऑफ इंडिया' मरिमुथु योगनाथन को महाराणा उदय सिंह सम्मान से अलंकृत किया गया। पन्नाधाय सम्मान जेट एयरवेज की फ्लाइट 9डब्ल्यू-569 के क्रू सदस्यों को 35 हजार फीट की ऊंचाई पर आपातकालीन प्रसव कराने के लिए सामूहिक रूप से प्रदान किया गया। समारोह में संगीत के क्षेत्र में पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, साहित्य के क्षेत्र में तरुण कुमार दाधीच तथा ललित कला के क्षेत्र में सैंड आर्टिस्ट अजय रावत सहित अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया।

**पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ होगा नवसंवत्सर का स्वागत**

# चारों दिशाओं में जाएंगे श्वेत अश्व भारतीय नववर्ष का देंगे संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय परंपरा के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से 19 मार्च को नवसंवत्सर 2083 का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर जयपुर में नवसंवत्सर का स्वागत पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। शहर में पांच दिवसीय नवसंवत्सर उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि 15 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और नववर्ष का संदेश लोगों तक पहुंचाया जाएगा। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होगी। 16 मार्च को नवसंवत्सर के स्वागत के लिए विशेष परंपरा निभाई जाएगी। इस दिन चार श्वेत अश्वों को वैदिक विधि से पूजन कर जयपुर की चारों दिशाओं की ओर रवाना किया जाएगा। ये अश्व प्रमुख मंदिरों तक पहुंचकर नवसंवत्सर और भारतीय संस्कृति का संदेश देंगे।



संस्कृति युवा संस्था के महिला प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता नवसंवत्सर पोस्टर का विमोचन करतीं हुईं।

### संत-महंत और श्रद्धालु करेंगे अश्वों का स्वागत

पूर्व दिशा में गलताजी और गोनेर मंदिर, पश्चिम दिशा में हाथोज बालाजी, उत्तर दिशा में आमेर के काले हनुमान मंदिर और दक्षिण दिशा में सांगा बाबा तथा स्वामी नारायण मंदिर की ओर यह संदेश यात्रा जाएगी। इन स्थानों पर संत-महंत और श्रद्धालु अश्वों का स्वागत करेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे।

### उद्देश्य युवाओं को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना

पंडित मिश्रा ने बताया कि भारतीय परंपरा में अश्व छोड़ने की परंपरा बहुत प्राचीन है। पहले के समय में राजा अपने राज्य के विस्तार के लिए अश्व छोड़ते थे, लेकिन इस बार यह परंपरा नवसंवत्सर के प्रचार और भारतीय संस्कृति के संदेश के लिए निभाई जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। 19 मार्च को जयपुर के प्रमुख मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। शाम को गोविंददेवजी मंदिर में महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के महिला प्रकोष्ठ ने भी नवसंवत्सर से जुड़ा एक पोस्टर जारी किया है। महिलाओं ने मंदिरों में मंगलगान के साथ अश्वों की पूजा करने का निर्णय लिया है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी नवसंवत्सर का संदेश लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

**वीटी ग्राउंड पर शिव महापुराण कथा 20 मार्च से**

# साधु-संतों के सान्निध्य में निकली 11 हजार महिलाओं की कलश यात्रा

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता देवी हुईं शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

मानसरोवर स्थित वीटी ग्राउंड पर 20-26 मार्च तक होने वाली कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा से पहले रविवार को केएल सैनी स्टेडियम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह फूलों से भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा कथा स्थल मेला ग्राउंड, वीटी रोड पहुंची। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता देवी ने भी सिर पर कलश रखकर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा में 11 हजार महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान कलश यात्रा में हाथी-घोड़े, रथ-बग्गी के साथ बैंड मधुर धुन बजाते हुए चल रहे थे। यात्रा में साधु-संतों समेत अनेक लोगों ने भाग लिया। श्रद्धालु भजन गाते हुए और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं ने एक समान पारंपरिक परिधान पहनकर सिर पर कलश रखकर यात्रा की, जबकि पुरुष श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और जल सेवा के माध्यम से भी स्वागत किया गया।


शिव महापुराण कथा के लिए रविवार को निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाओं पर पुष्पवर्षा करते हुए। -फोटो: राजेश कुमावत


कलश यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता देवी।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2082
- हिजरी संवत: 1447
- ऋतु: बसंत ऋतु
- संवत्सर का नाम: सिद्धार्थ
- मास: चैत्र
- पक्ष: कृष्ण पक्ष
- शाके संवत: 1947
- अयन: सूर्य उत्तरायण

**आज का दिन**

**सोमवार, 16 मार्च, 2026**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज अमृत का चौघड़िया सुबह 06.30 से 08.00 बजे तक है। इसके बाद शुभ का सुबह 09.30 से 11.00 बजे तक, फिर चर-लाभ का दोपहर 02.00 से 04.59 बजे रहेगा। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** 12.06 से 12.54 बजे तक।

**तिथि:** द्वादशी तिथि सुबह 09.41 बजे तक रहेगी। इसके बाद में त्रयोदशी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज मकर राशि में शाम 06.14 बजे तक, फिर कुंभ में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 07.30 से 09.00 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** धनिष्ठा अगले दिन सुबह 06.22 बजे तक, फिर शतभिषा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** शिव सुबह 09.37 बजे तक, इसके बाद में सिद्ध/साध्य योग रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञान**

सोम प्रदोष व्रत, कैला देवी का 17 दिवसीय मेला प्रारंभ- करौली (राज.), पंचक प्रारंभ शाम 06.14 बजे से।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- जेकेके की सुरेख दीर्घा में राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से चित्र प्रदर्शनी सुबह 11 बजे।
- चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सोम प्रदोष पर विशेष झांकी शाम 6 बजे।
- जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में गीत-गजल एवं भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे।

### ब्राह्मण समाज को संस्कारों से जोड़ने का दिया संदेश

**बेधड़क, जयपुर।** विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को संपन्न हुआ। अधिवेशन का संदेश ब्राह्मण समाज को जड़ों से जुड़े रहने और संस्कारों के पालन की आवश्यकता पर केंद्रित रहा। अधिवेशन के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य मारुति नंदन शास्त्री ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सत्य, सरलता और ब्रह्म शक्ति का प्रतीक है।

**महिलाओं ने ईसर-गणगौर की आराधना कर मांगा अखंड सौभाग्य**

# गौर गौर गोमती, ईसर पूजे पार्वती...

**बेधड़क | जयपुर**

गणगौर के अवसर पर रविवार को मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित होली चौराहा पर सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चार सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर गणगौर माता से अखंड सौभाग्य की कामना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि मांगी।

इस अवसर पर सजी-धजी महिलाएं लाल रंग के पारंपरिक परिधान और राजस्थानी आभूषणों में सुसज्जित होकर पूजा स्थल पर पहुंचीं। महिलाओं ने माता पार्वती के स्वरूप गणगौर और भगवान शिव के स्वरूप ईसर का विधि-विधान से पूजन किया। पारंपरिक लोकगीत गौर गौर गोमती, ईसर पूजे पार्वती... के साथ सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की गई। पूजन के दौरान महिलाओं ने गणगौर माता को रोली से तिलक लगाया और काजल, मेहंदी तथा अन्य सुहाग सामग्री अर्पित की।


नखराली गणगौर और नखराली बूढ़ी गणगौर सम्मान से सम्मानित महिलाएं।

### महिलाओं को किया नखराली गणगौर और नखराली बूढ़ी गणगौर से सम्मानित

कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इसमें कई महिलाओं को नखराली गणगौर और नखराली बूढ़ी गणगौर सम्मान से सम्मानित किया गया। नखराली गणगौर सम्मान से कामिनी शर्मा, तोशिका पारीक, हर्षिता शर्मा, हेमलता शर्मा और संजू को सम्मानित किया गया। वहीं संतोष माहेश्वरी, कुसुम अग्रवाल, पार्वती चौधरी, विमला बुनकर, संजू मिश्रा और पुष्पा को नखराली बूढ़ी गणगौर सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल शर्मा ने सम्मानित महिलाओं को स्मृति चिह्न, सुहाग सामग्री और आर्टिफिशियल ज्वेलरी किट भेंट की। कार्यक्रम के अंत में संयोजक अरुण कुमार पंसारी ने सभी अतिथियों, महिलाओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में विकास नगर विकास समिति और गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### गायत्री महायज्ञ में दी आहुतियां

कार्यक्रम से पहले मनु महाराज के सान्निध्य में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कृष्णा महाराज ने दीप प्रज्वलित कर वेद माता गायत्री और गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं।

## कथा में दिया नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बेधड़क | जयपुर**

दादी का फाटक क्षेत्र में जनसमस्या निवारण मंच के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं को सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। कथा के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जीव दया और नशा मुक्ति के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल हेड आईआरएस घनश्याम सोनी का राजस्थान में नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए सम्मान किया गया। साथ ही 'से नो ड्रग्स' अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान नशा तस्करों की जानकारी देने के लिए शुरू की गई हेल्पलाइन 1933 का भी प्रचार-प्रसार किया गया और लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता सूरज सोनी ने कथा सुनने आए श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पक्षियों के लिए घर और जल पात्र वितरित किए।

कथाचार्य आकाश गौतम महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से प्रकृति के महत्व को समझाया था। आज के समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए हमें प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए।

## मोती डूंगरी गणेशजी को दिया निमंत्रण

**बेधड़क | जयपुर**



श्याम गौ सेवा परिवार समिति की ओर से 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने मोती डूंगरी गणेशजी महाराज को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य तीर्थ नगरी गलता पहुंचे और वहां पूर्व पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य व राघवेंद्राचार्य से आशीर्वाद लिया। उन्होंने समिति के प्रथम वार्षिक उत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया कि कार्यक्रम 12 अप्रैल को मुहाना रोड स्थित मंगलम पैलेस पर शाम 6 बजे से होगा। उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि भजन संध्या में खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया जाएगा। भजन संध्या में सावन नागदा, राहुल व्यास, पुरुषोत्तम बृजवासी, कुशाल-विशाल, इशिका बरधूनिया और रश्मि ओझा प्रस्तुतियां देंगे।

## मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के पोस्टर का विमोचन

**बेधड़क | जयपुर**




झोटवाड़ा के कांटा चौराहा स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर और श्रीराम गोशाला में होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम स्वर्णकार समाज जयपुर और जन चेतना समिति झोटवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में होगा। पोस्टर का विमोचन हाथोज धाम के पीठाधीश्वर स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने किया। आयोजन की शुरुआत 31 मार्च को कलश यात्रा के साथ होगी। एक अप्रैल को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। वहीं 2 से 8 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ होगा। पोस्टर विमोचन में स्वर्णकार समाज व जन चेतना समिति के कई पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नारायण सोनी, रूपचंद जालू, सत्यनारायण सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शपथ ग्रहण समारोह में किया 272 वरिष्ठजनों का सम्मान



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर देहात के राधा किशनपुरा स्थित दादू दयाल आश्रम में रविवार को सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा और राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम मेहता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने की। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने की शपथ ली।

समारोह में समाज के 272 वरिष्ठजनों का सम्मान भी विशेष आकर्षण रहा। उन्हें चुनरी का साफा, शॉल-दुपट्टा और भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

**सिंधु मेले में सजी भगवान झूलेलाल की अलौकिक झांकी**

# चेटीचंड पखवाड़े का शुभारंभ, वाहन रैली निकाली

**बेधड़क | जयपुर**

सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड के पखवाड़ा कार्यक्रमों की शुरुआत रविवार को चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के तत्वावधान में हुई। इस अवसर पर त्रिमूर्ति सर्किल से दशहरा मैदान तक वाहन रैली निकाली गई। विशाल सिंधु मेला दशहरा मैदान, आदर्श नगर में लगाया गया। मेले का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष अमरपुरा के संत मोनूराम ने दीप प्रज्वलित कर किया और धर्म ध्वजा फहराई गई। मेला अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी और महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि मेले के मध्य में भगवान झूलेलाल का भव्य मंदिर सजाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और मनोकामना व्यक्त की। इस बार झांकी में फव्वारे, पर्वत पर भगवान शंकर, मोर चक्र और हिलती हुई शेरों की प्रतिकृति प्रदर्शित की गई, जिससे बच्चों और युवाओं में रोमांच का माहौल बन गया।


चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से निकाली गई वाहन रैली में शामिल समाज के लोग।

### पल्लव प्रार्थना में की मंगल की कामना

बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। पल्लव प्रार्थना में सभी के मंगल की कामना की गई। शहर के प्रसिद्ध सुंदर बैंड ने मेले में मधुर भजन प्रस्तुत किए। अमरापुर दरबार की ओर से डोडा चटनी, झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी से मीठे चावल और छोले तथा अन्य स्थानों पर ब्रेड-छोले निशुल्क वितरित किए गए। ख्याति प्राप्त कलाकार मनोज मामनानी ने सिंधी संगीत प्रस्तुत किया। मेला सामाजिक सरोकार के तहत अंगदान, नेत्रदान और देहदान के लिए प्रेरित कर रहा था। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशा मुक्त जीवन का संदेश देकर स्वस्थ भारत की दिशा में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

### बालकों का कराया जनेऊ संस्कार

चेटीचंड को लेकर अन्य मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। वरुण पथ, मानसरोवर स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर से भी युवाओं की वाहन रैली निकाली गई, जिसमें हजारों समाज बंधु शामिल हुए। संकट मोचन हनुमान मंदिर, करतारपुर में श्याम भजन संध्या और होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें संतों के साथ फूलों की होली खेली गई। अमरलाल साहिब मंडल, सिंधी कॉलोनी, राजापार्क में 75 से अधिक बालकों के जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया। अमरापुर स्थान के संत-महात्माओं ने बालकों को आशीर्वाद देते हुए माता-पिता की सेवा, बड़ों का सम्मान और प्रतिदिन जनेऊ व तिलक लगाने की शिक्षा दी।

पूरे टूर्नामेंट में दुबे ने कई मौकों पर पारी को संभालकर और रन गति बढ़ाकर टीम को स्थिरता दी

# टी20 विश्व कप में भारत के साइलेंट मैच विनर बने शिवम दुबे



सिद्धार्थ महान
खेल समीक्षक




> "इस टूर्नामेंट में शिवम दुबे की असली पहचान सिर्फ बड़ी पारियों से नहीं बनी। उनकी अहमियत उन छोटे-छोटे पलों में दिखी, जब मैच का संतुलन थोड़ा डगमगा रहा था और उन्हें आकर उसे स्थिर करना पड़ा। ऐसा ही एक क्षण सुपर एट चरण में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में आया। यह मुकाबला लगभग भारत के लिए क्वार्टर फाइनल जैसा था, क्योंकि इस मैच के परिणाम से सेमीफाइनल की राह तय होने वाली थी।"

क्रिकेट अपने मूल स्वभाव में एक टीम गेम है। कोई भी बड़ी ट्रॉफी शायद ही कभी किसी एक खिलाड़ी के दम पर जीती जाती है। असली चैंपियन वही टीम बनती है, जिसमें अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग समय पर अपनी भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि बड़े टूर्नामेंट अक्सर सामूहिक रणनीति, टीम संतुलन और सही समय पर सही खिलाड़ी के उभरने से जीते जाते हैं। भारत को 2026 आईसीसी टी20 विश्व कप में मिली ऐतिहासिक जीत भी ठीक ऐसी ही कहानी थी। यह भारत का इस प्रारूप में तीसरा खिताब था और इस जीत की नींव एक अच्छी तरह तैयार टीम, स्पष्ट रणनीति और हर विभाग में मौजूद गहराई पर टिकी हुई थी। टीम मैनेजमेंट की योजना, बल्लेबाजी क्रम का संतुलन और गेंदबाजी आक्रमण की विविधता इन सबने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया। लेकिन किसी भी संतुलित टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी होते हैं, जिनका योगदान अक्सर सुर्खियों से थोड़ा दूर रह जाता है। उनके रन या विकेट शायद आंकड़ों में बहुत बड़े न दिखें, लेकिन मैच के संदर्भ में वे बेहद निर्णायक होते हैं। भारत के लिए इस विश्व कप में ऐसा ही एक नाम था शिवम दुबे।

दुबे शायद भारत के अभियान का चेहरा नहीं थे। कुछ खिलाड़ियों ने उनसे बड़े शतक बनाए, कुछ गेंदबाजों ने अधिक आकर्षक स्पेल डाले। लेकिन जब पूरे टूर्नामेंट को ध्यान से देखा जाए तो साफ दिखाई देता है कि भारत की मध्यक्रम बल्लेबाजी में दुबे एक बेहद भरोसेमंद स्तंभ साबित हुए। कई बार उन्होंने टीम की पारी को संभाला, कई बार रन गति को अचानक तेज किया और कई मौकों पर मैच का रुख ही बदल दिया।

टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में ही उन्होंने अपनी अहमियत दिखा दी थी। नीदरलैंड्स के खिलाफ ग्रुप मैच में भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। शीर्ष क्रम दबाव में था और विकेट गिर चुके थे। ऐसे समय जब शिवम दुबे क्रीज पर आए, तब भारत को न केवल स्थिरता की जरूरत थी बल्कि स्कोरबोर्ड को भी तेजी से आगे बढ़ाना था।

दुबे ने पहले कुछ गेंदों में स्थिति को समझा, लेकिन इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार पलटवार था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 31 गेंदों में 66 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में चार चौके और छह शानदार छक्के शामिल थे। खास बात यह रही कि शुरुआत में थोड़े संयम के बाद उन्होंने पारी के अंतिम हिस्से में गियर बदल दिया और अपनी आखिरी 20 गेंदों में 61 रन बटोर लिए। उनकी इस पारी ने भारत को एक ऐसे स्कोर तक पहुंचाया, जिसे बाद में टीम ने सफलतापूर्वक बचा लिया।

इस टूर्नामेंट में शिवम दुबे की असली पहचान सिर्फ बड़ी पारियों से नहीं बनी। उनकी अहमियत उन छोटे-छोटे पलों में दिखी, जब मैच का संतुलन थोड़ा डगमगा रहा था और उन्हें आकर उसे स्थिर करना पड़ा। ऐसा ही एक क्षण सुपर एट चरण में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में आया। यह मुकाबला लगभग भारत के लिए क्वार्टर फाइनल जैसा था, क्योंकि इस मैच के परिणाम से सेमीफाइनल की राह तय होने वाली थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक मुश्किल स्थिति में पहुंच गया था। दबाव बढ़ रहा था, हालांकि संजू सैमसन एक छोर पर पारी को संभाले हुए थे।

इसी समय दुबे बल्लेबाजी के लिए आए। समीकरण धीरे-धीरे कठिन होता जा रहा था और हर गेंद के साथ तनाव बढ़ रहा था। दुबे ने आते ही परिस्थिति को समझा और बिना समय गंवाए आक्रमण का रास्ता चुना। उन्होंने सिर्फ चार गेंदों में दो शानदार चौके जड़ दिए और आठ रन बनाए। आंकड़ों के लिहाज से यह योगदान छोटा लग सकता है, लेकिन मैच के संदर्भ में इसकी कीमत बहुत बड़ी थी। उन दो चौकों ने अचानक दबाव को कम कर दिया, संजू सैमसन को फिर से लय में आने का मौका दिया और भारत ने अंततः यह मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

नॉकआउट चरण में भी दुबे का प्रभाव साफ दिखाई दिया। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने टूर्नामेंट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजी प्रदर्शनों में से एक पेश किया। शीर्ष क्रम ने मजबूत शुरुआत दी, लेकिन मध्य ओवरों में रन गति को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी था।

यहीं दुबे की भूमिका सामने आई। उन्होंने क्रीज पर आते ही स्ट्राइक रोटेशन के साथ-साथ बड़े शॉट लगाने शुरू कर दिए। उनकी तेज बल्लेबाजी ने सुनिश्चित किया कि रन रेट कभी नीचे न जाए और इंग्लैंड की टीम लगातार दबाव में बनी रहे। पारी के अंतिम हिस्से में उनके आक्रामक शॉट्स ने भारत को उस मनोवैज्ञानिक सीमा से आगे पहुंचा दिया जो टी20 क्रिकेट में अक्सर निर्णायक साबित होती है, 250 रन का आंकड़ा। इस विशाल स्कोर का इंग्लैंड के लिए पीछा करना लगभग असंभव हो गया और भारत ने सेमीफाइनल आराम से जीत लिया।

फिर आया वह मुकाबला जिसका इंतजार हर भारतीय प्रशंसक कर रहा था, अहमदाबाद में खेला गया फाइनल, जहां भारत का सामना न्यूजीलैंड से था। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी और उसी लय के साथ मैदान में उतरी। भारत की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन मध्य ओवरों में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने थोड़ी वापसी की। रन गति थोड़ी धीमी पड़ने लगी थी और ऐसा लग रहा था कि शायद भारत 230-240 के आसपास ही रुक जाएगा।

लेकिन तभी एक बार फिर शिवम दुबे ने मोर्चा संभाला। पारी के अंतिम ओवरों में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी गेंदबाजी कर रहे थे, तब दुबे ने एक जबरदस्त हमला बोल दिया। एक ही ओवर में 24 रन आए और अचानक मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर झुक गया। इस आक्रमण ने न केवल स्कोरबोर्ड को तेजी से आगे बढ़ाया बल्कि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का आत्मविश्वास भी तोड़ दिया।

भारत ने अंततः 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, एक ऐसा लक्ष्य जो फाइनल जैसे बड़े मैच में लगभग पहाड़ के बराबर होता है। बाद में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम शुरुआत से ही दबाव में आ गई और भारत ने आराम से मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

देशभर में जश्न का माहौल था। खिलाड़ी कैमरों से घिरे हुए थे, इंटरव्यू चल रहे थे और सोशल मीडिया पर जीत की तस्वीरें छाई हुई थीं। लेकिन इसी दौरान शिवम दुबे की एक अलग ही कहानी सामने आई। रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट के बाद घर लौटते समय उन्होंने बेहद साधारण तरीके से यात्रा की। ट्रेन के सफर के दौरान वह प्रशंसकों से गर्मजोशी से मिले, बातचीत की और तस्वीरें खिंचवाईं। यह दृश्य सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया और लोगों को यह याद दिला गया कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मंच पर खेलने के बावजूद दुबे कितने जमीन से जुड़े हुए खिलाड़ी हैं।

शिवम दुबे शायद हमेशा सुर्खियों के केंद्र में न हों। लेकिन इस विश्व कप ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि किसी भी महान टीम की असली ताकत सिर्फ उसके सुपरस्टार्स में नहीं होती, बल्कि उन खिलाड़ियों में भी होती है, जो सही समय पर सही काम कर जाते हैं। और शायद यही कारण है कि भारत की इस ऐतिहासिक जीत की कहानी जब भी याद की जाएगी, तो शिवम दुबे का नाम उन खिलाड़ियों में जरूर लिया जाएगा जिन्होंने बिना ज्यादा शोर किए, लेकिन बेहद निर्णायक अंदाज में इस सफलता की नींव मजबूत की। अगर इस विश्व कप का प्रदर्शन कोई संकेत देता है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले वर्षों में शिवम दुबे भारत के टी20 क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद मैच विनर्स में से एक बने रह सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**नॉलेज कॉर्नर:** उपग्रह संकेतों में छेड़छाड़ से जहाजों की दिशा बदलने का जोखिम, वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती

# जीपीएस गड़बड़ी: जहाजों की सुरक्षा पर बढ़ता खतरा

समुद्री परिवहन आधुनिक वैश्विक व्यापार की रीढ़ है। लेकिन हाल के वर्षों में समुद्र में जहाजों की सुरक्षा को एक नया खतरा सामने आया है, जीपीएस सिग्नल में गड़बड़ी या साइबर हस्तक्षेप। यह समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और वैश्विक व्यापार दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। आधुनिक जहाजरानी व्यवस्था काफी हद तक ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) पर निर्भर करती है। यह प्रणाली पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों से प्राप्त संकेतों के आधार पर जहाज की सटीक स्थिति बताती है। जहाजों के मार्ग निर्धारण, टकराव से बचाव और बंदरगाह तक सुरक्षित पहुंचने के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## जीपीएस जैमिंग क्या है?

जैमिंग में हमलावर विद्युत चुंबकीय शोर के माध्यम से जीपीएस संकेतों को अवरुद्ध कर देता है। इससे जहाज की नेविगेशन प्रणाली सही संकेत प्राप्त नहीं कर पाती। परिणामस्वरूप जहाज की स्थिति गलत दिखाई देने लगती है या नेविगेशन सिस्टम पूरी तरह ठप हो सकता है। वहीं जीपीएस स्पूफिंग भी एक साइबर हमला है, जिसमें नकली जीपीएस संकेत भेजे जाते हैं। इससे जहाज का नेविगेशन सिस्टम वास्तविक स्थान की जगह किसी अन्य स्थान को सही मानने लगता है। इससे जहाज गलत दिशा में जा सकता है, टकराव या दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।




## युद्ध और भू-राजनीतिक संघर्ष का प्रभाव

युद्ध और सैन्य गतिविधियों वाले क्षेत्रों में जीपीएस व्यवधान अधिक देखने को मिलते हैं। हाल के वर्षों में Red Sea और अन्य संवेदनशील समुद्री मार्गों में ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है। सैन्य रणनीतियों के तहत कभी-कभी जानबूझकर जीपीएस सिग्नल में बाधा डाली जाती है। मई 2025 में कंटेनर जहाज MSC एंटोनिया के साथ ऐसी ही घटना हुई। लाल सागर से गुजरते समय जहाज की नेविगेशन प्रणाली उसकी वास्तविक स्थिति से अलग स्थान दिखाने लगी। भ्रम की स्थिति में जहाज किनारे से टकरा गया। इस दुर्घटना से लाखों डॉलर का नुकसान हुआ और जहाज को बचाने का अभियान पांच सप्ताह से अधिक चला।

## चालक दल के सामने चुनौतियां

खुले समुद्र में कोई स्थायी स्थलचिह्न नहीं होते, इसलिए जीपीएस पर निर्भरता अधिक होती है। यदि जीपीएस काम करना बंद कर दे तो जहाज की वास्तविक स्थिति का पता लगाना कठिन हो जाता है। कई नाविकों को पारंपरिक नेविगेशन तकनीकों का पर्याप्त प्रशिक्षण भी नहीं होता। आधुनिक जहाज अब उपग्रह इंटरनेट, डिजिटल निगरानी प्रणालियों और स्वचालित तकनीकों से जुड़े होते हैं। इससे साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ गया है। जहाजों की डिजिटल प्रणालियां हैकिंग या डेटा में छेड़छाड़ का शिकार हो सकती हैं।

## शोध से सामने आई स्थिति

समुद्री साइबर सुरक्षा पर किए गए शोध में नौवहन अधिकारियों, इंजीनियरों और चालक दल के अन्य सदस्यों से बातचीत की गई। अधिकतर नाविकों ने माना कि साइबर खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन उनसे निपटने के लिए चालक दल का प्रशिक्षण और तैयारी अभी पर्याप्त नहीं है। जहाजों में साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करना जरूरी है।

**मजबूत कदम उठाने की जरूरत**

*समुद्र में जीपीएस गड़बड़ी केवल तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। यदि इस खतरे से निपटने के लिए समय रहते मजबूत कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में समुद्री परिवहन और वैश्विक व्यापार दोनों पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।* -कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

**व्यंग्य**

# सिलेंडर कथा... बुकिंग से डिलीवरी तक



सूर्यदीप कुशवाहा
व्यंग्यकार

सिलेंडर की किल्लत ने समाज में बड़ा बदलाव ला दिया है। अब स्टेटस सिंबल बदल गया है। अगर आप मोहल्ले में सीना तानकर कंधे पर भरा हुआ सिलेंडर लेकर निकल जाएं, तो लोग आपको किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं समझते। पड़ोसी खिड़की से झांककर फुसफुसाते हैं, 'देखो भाई, कामयाब लोग हैं, इनके यहां आज सिलेंडर आया है!' गैस सिलेंडर अब केवल जरूरत नहीं रहा, बल्कि घर की सबसे कीमती और सम्मानित वस्तु बन गया है। सिलेंडर अब घर का वह नखरेबाज दामाद बन गया है, जिसे घर बुलाने के लिए लंबी लाइन में लगकर पापड़ बेलने पड़ते हैं। जैसे ही गैस खत्म होने का अंदेशा होता है, घर में मातम सा माहौल बन जाता है। गृहिणी चूल्हे की नीली लौ को ऐसे देखती है जैसे डॉक्टर आईसीयू में मरीज की नब्ज देखता है। जब लौ पीली होने लगती है, तो सिलेंडर को अंतिम उपचार दिया जाता है, उसे टेढ़ा किया जाता है, हिलाया जाता है, थपथपाया जाता है और यह उम्मीद की जाती है कि शायद अंदर एक-दो चाय लायक सांसें और बची हों। सरकार और सिलेंडर का रिश्ता भी बड़ा दिलचस्प है। सब्सिडी का आना अब उस पुराने कर्ज जैसा हो गया है, जिसके मिलने की उम्मीद लोग छोड़ चुके हैं। मोबाइल पर जब मैसेज आता है कि 'आपके खाते में 12 रुपए 50 पैसे की सब्सिडी जमा कर दी गई है,' तो ऐसा लगता है जैसे ऊंट के मुंह में जीरा नहीं, बल्कि जीरे के मुंह में ऊंट डाल दिया गया हो। उस राशि से तो अब मोहल्ले का बच्चा टॉफी भी नहीं खरीदता। सिलेंडर की किल्लत ने उसे इतना पवित्र बना दिया है कि अब लोग रसोई में घुसने से पहले जूते बाहर उतारते हैं, कहीं सिलेंडर देवता नाराज न हो जाएं। गृहिणियां अब खाना बनाने से ज्यादा टाइम मैनेजमेंट पर ध्यान देती हैं। दाल भिगोकर रखना अब मजबूरी नहीं, बल्कि 'सिलेंडर बचाओ अभियान' का हिस्सा है। सुना है, कुछ लोग मेहमानों को चाय पूछने से पहले सिलेंडर चेक करते हैं। अगर मेहमान खास न हो, तो बहाना बना दिया जाता है, 'अरे भाई, अभी-अभी गैस खत्म हो गई।' आजकल सड़क पर अगर कोई व्यक्ति बाइक पर लाल रंग का सिलेंडर ढोते हुए दिखाई दे जाए, तो समझ लीजिए उसने जीवन की सबसे बड़ी जंग जीत ली है। जिसे मिल गया, उसकी किस्मत चमक गई, जिसे नहीं मिला, वह चूल्हे के सामने बैठकर निर्जला व्रत कर रहा है। गैस एजेंसी के बाहर का नजारा इन दिनों किसी कुंभ मेले से कम नहीं होता। सुबह चार बजे, जब सूरज भी अंगड़ाई ले रहा होता है, तब लोग अपने-अपने खाली सिलेंडरों के साथ कतार में खड़े हो जाते हैं। लोग अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए ईंट, पत्थर, चप्पल और कभी-कभी अपने पालतू कुत्ते तक सिलेंडर के पास बैठा देते हैं। एजेंसी के बाबू का रुतबा इन दिनों किसी कलेक्टर से कम नहीं। वह जिस पर 'स्टॉक खत्म' की मुहर लगा दे, समझिए उस घर में आज कच्ची रोटियां बनेंगी या पड़ोसी के घर शरण लेनी पड़ेगी। लोग बाबू को ऐसे मक्खन लगाते हैं जैसे वे ही साक्षात अग्निदेव हों। इस किल्लत ने ब्लैक मार्केटिंग के नए रास्ते भी खोल दिए हैं। जो सिलेंडर कल तक हजार रुपए का था, वह अब प्रीमियम रेट पर मिल रहा है। इस अनकही सिलेंडर कथा में हर आम आदमी नथा हुआ है।

**विचार**

# लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका



गोपाल कृष्ण व्यास
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय)

जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने वाली संस्थाएं शासकों के सामने अपने अधिकारों का प्रयोग करना बंद कर देती हैं, वहां निरंकुश प्रवृत्तियां जन्म लेने लगती हैं। जब न्याय और कानून के संरक्षक ही अपने कर्तव्यों से पीछे हट जाते हैं, तब सत्ता में बैठे लोग, निरंकुश नेता और अनपढ़ या असंवेदनशील नौकरशाह लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने वालों को दबाने लगते हैं। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक होती है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका केवल विवादों का निपटारा करने वाली संस्था नहीं है, बल्कि वह संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाली सर्वोच्च शक्ति भी है। जब भी लोकतंत्र या संविधान पर आघात करने की कोशिश होती है, तब न्यायपालिका का दायित्व है कि वह दृढ़ता के साथ आगे आए और ऐसे प्रयासों को रोके। आज के समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारी को पूरी शक्ति और साहस के साथ निभाए। जो शक्तियां लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का प्रयास करती हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे न केवल संविधान की गरिमा बनी रहती है, बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी न्याय व्यवस्था में मजबूत होता है। इसी संदर्भ में एनसीईआरटी द्वारा न्यायपालिका को कमजोर या बदनाम करने वाले अध्याय को शामिल किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लिया जाना समय की आवश्यकता प्रतीत होता है। ऐसी किसी भी सामग्री या विचार को प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए, जो लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि सभी संस्थाएं अपनी-अपनी मर्यादा और जिम्मेदारी का पालन करें। विशेष रूप से न्यायपालिका को चाहिए कि वह संविधान की रक्षा के अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और दृढ़ता के साथ निभाए, ताकि भारत जैसे महान लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव सदा मजबूत बनी रहे।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## केजरीवाल व सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में उन्हें आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल अर्जी को उच्च न्यायालय के किसी अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। आप ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और अन्य लोगों द्वारा दाखिल उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर की गई अपील की सुनवाई न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था। सीबीआई की याचिका पर सोमवार को सुनवाई होनी है।

## CBSE: पश्चिम एशिया क्षेत्र में 12वीं की परीक्षाएं रद्द

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया क्षेत्र में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के छात्रों के लिए 16 मार्च से 10 अप्रैल तक निर्धारित 12वीं कक्षा की सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द कर दी गई हैं। इन देशों में परिणाम घोषित करने के बारे में अलग से घोषणा की जाएगी। इससे पहले, बोर्ड ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में 10वीं कक्षा की परीक्षाएं रद्द करने की घोषणा की थी।

## जयशंकर ब्रसेल्स में EU विदेश मंत्रियों से करेंगे भेंट

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे।

## भगदड़ मामले में टीवीके प्रमुख विजय से पूछताछ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करूर भगदड़ मामले में अभिनेता और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय से यहां स्थित अपने मुख्यालय में रविवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय से पूछताछ का यह तीसरा दौर है। जनवरी में उनसे दो बार पूछताछ की जा चुकी है। अभिनेता को पहले नौ मार्च को तलब किया गया था, लेकिन उन्होंने तारीख को 15 दिन आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था।

### हिमाचल के मंडी में न्यायिक अदालत परिसर का शिलान्यास

# अस्पतालों की तरह ही सेवा भाव से काम करें अदालतें: सीजेआई

**एजेंसी** | मंडी (हिमाचल प्रदेश)



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं। सीजेआई सूर्यकांत मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

### 152 करोड़ की लागत से बनेगा न्यायिक अदालत परिसर

सीजेआई सूर्यकांत ने बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। इस परियोजना का उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुगम और प्रभावी बनाना है, ताकि न्यायिक कार्यवाही तेजी और बेहतर ढंग से संचालित हो सके। कॉम्प्लेक्स की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है कि इसका मुख्य कार्यात्मक क्षेत्र एक केंद्रीय कोर्टयार्ड के चारों ओर विकसित होगा। इसके आसपास अपीलीय न्यायालय, विभिन्न न्यायालयों के कक्ष और अधिवक्ताओं के लिए अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे। इससे न्यायिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा और बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि न्याय केवल अदालत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अधिकारों के प्रति जागरूकता, कानूनी सहायता की उपलब्धता और समय पर मदद सुनिश्चित करना भी शामिल है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा

कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है।

### गृह मंत्री शाह का आरोप: असम में कांग्रेस शासन में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ

# हेल्थ बजट से हर साल 150 करोड़ कांग्रेस की जेब में गए

**एजेंसी** | गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपए अपनी जेब में डाल लिए। दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। शाह ने 2,092 करोड़ रुपए की कुछ स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं के उद्घाटन और कुछ अन्य की आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी। शाह ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था। नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनबाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की प्रशंसा की।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता।




*असम के गुवाहाटी में रविवार को प्रागज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उपस्थिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सम्मानित करते हुए लोग।*

### सबसे बड़े जनादेश के साथ सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सम्मेलन को भी संबोधित किया। शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भाजपा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में अब तक का सबसे बड़ा जनादेश हासिल करके सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि हर घुसपैठिए को भारत से बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने घुसपैठियों को आश्रय दिया, लेकिन भाजपा सरकार प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान करके उसे देश से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने यह दावा भी किया कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन के दौरान असम हिंसा के लिए जाना जाता था और कई युवाओं की जान गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के लिए कुछ नहीं किया, और उसके नेता केवल अपने परिवार के लाभ के बारे में सोचते थे।

### अमित शाह ने इन परियोजनाओं की दी सौगात

- 675 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के परिसर का उद्घाटन किया।
- 'असम कैंसर केयर फाउंडेशन' (एसीसीएफ) के तहत गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया।
- दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपए), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़ रुपए) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़ रुपए) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी।
- गुवाहाटी में स्वास्थ्य भवन और अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### अरावली की पहाड़ियों का मामला

# विशेषज्ञ समिति में शामिल नामों पर केंद्र को आपत्ति नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं।

### ये हस्तियां शामिल हैं समिति में

प्रस्तावित समिति की अध्यक्षता भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद की वर्तमान निदेशक कंचन देवी करेंगी। अन्य सदस्यों में एफएसआई के पूर्व महानिदेशक सुभाष आशुतोष, जीएसआई के पूर्व निदेशक राजेंद्र कुमार शर्मा, जलवायु एवं ऊर्जा नीति विशेषज्ञ तेजल कानिटकर, वरिष्ठ शिक्षाविद और जीवन विज्ञान शोधकर्ता जया प्रकाश यादव, वरिष्ठ भूगोलवेत्ता और स्कॉलर तेजबीर सिंह राणा, भारत के पूर्व अतिरिक्त सर्वेयर जनरल एस. वी. सिंह, गुजरात के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक सी. एन. पांडेय, नगालैंड के पूर्व पीसीसीएफ धर्मेंद्र प्रकाश शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने 29 दिसंबर को अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा को लेकर उठे विवाद पर संज्ञान लेते हुए 20 नवंबर के अपने एक आदेश को स्थगित कर दिया था, जिसमें इन पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था। न्यायालय ने सभी खनन गतिविधियों पर भी रोक लगा दी थी।

### राज्यसभा चुनाव: कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार का आरोप

# कांग्रेस MLA को रिश्वत की पेशकश की गई

**एजेंसी** | भुवनेश्वर/ बेंगलुरु

ओडिशा में राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी हमले शुरू हो गए हैं। राज्य 'क्रॉस वोटिंग' की आशंकाओं के बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कोरापुट से सांसद सप्तगिरी शंकर उलाका ने रविवार को दावा किया कि बेंगलुरु के एक होटल में रह रहे राज्य के पार्टी विधायकों को पांच-पांच करोड़ रुपए की रिश्वत देने की कोशिश की गई। वहीं, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को दावा किया कि इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी से भाजपा के 'ऑपरेशन लोटस' का भंडाफोड़ हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ओडिशा में 'ऑपरेशन लोटस' की योजना बनाई है और 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनावों से पहले यहां लाए गए प्रत्येक विधायक को पांच करोड़ रुपए की पेशकश की जा रही है। कांग्रेस की ओडिशा इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने बेंगलुरु में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने पार्टी विधायकों को रिश्वत देने की कोशिश की और जब उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया तो उन्हें धमकाया। कांग्रेस की ओडिशा इकाई के कुछ अन्य पदाधिकारियों के साथ आठ विधायक भी रिसॉर्ट में डेरा डाले हुए हैं। वहीं, शिवकुमार ने कहा कि ओडिशा कांग्रेस विधायकों को रिश्वत देने की कोशिश करने के आरोप में दो लोगों को निजी रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया गया है। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, चार लोग आए थे। सुरेश नाम के एक स्थानीय व्यक्ति ने उनकी मदद की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से उनसे (विधायक से) संपर्क किया।



### भाजपा ने आरोप को खारिज किया

ओडिशा में सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। भाजपा की ओडिशा इकाई के प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस का आरोप झूठा है। राज्यसभा चुनाव में सोमवार को होने वाली अपनी निश्चित हार को भांपते हुए वे ऐसे निराधार दावे कर रहे हैं। कांग्रेस को 'क्रॉस-वोटिंग' की आदत है।'

### राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

# कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बसपा के संस्थापक कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा, जो कांशीराम को सशक्तीकरण और आशा के प्रतीक के रूप में देखते हैं। राहुल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि कांशीराम ने भारतीय राजनीति का स्वरूप बदल दिया और अपने आंदोलनों के माध्यम से बहुजनों व गरीबों में राजनीतिक जागरूकता पैदा की। राहुल ने कहा कि कांशीराम के प्रयासों के कारण, कई ऐसे लोग जिन्होंने कभी सार्वजनिक जीवन में आने के बारे में सोचा भी नहीं था, उन्होंने राजनीति को न्याय और समानता प्राप्त करने के साधन के रूप में देखना शुरू कर दिया। कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करना देश के प्रति उनके अपार योगदान को मान्यता देगा।

### सिर्फ बसपा ही बहुजन समाज की हितैषी: मायावती

**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) और अन्य विरोधी दलों की कथनी और करनी में भारी अंतर होने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि सिर्फ बसपा ही बहुजन समाज के हित और उत्थान के लिए काम करने वाली 'असली पार्टी' है। उन्होंने सपा के पीडीए को 'छलावा' बताते हुए आरोप लगाया कि सपा और अन्य विरोधी पार्टियां इन वर्गों का वोट लेकर सरकार तो बनाती हैं लेकिन बाद में इन तबकों को 'तिरस्कृत' कर देती हैं।

### आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संपन्न

# अब प्रांतों की जगह 80 से अधिक संभाग बनाने की तैयारी

**बेधड़क** | समालखा (हरियाणा)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित में समाज की सज्जन शक्ति को अधिक सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ रविवार को सम्पन्न हो गई। बैठक के अंतिम दिन संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि देश के नागरिकों को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर भारतीय दृष्टि से विश्व कल्याण के विचार को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष के दौरान संघ के संगठनात्मक कार्य में विस्तार हुआ है। देशभर में शाखाओं की संख्या करीब छह हजार बढ़कर 88 हजार से अधिक हो गई है, जबकि शाखा संचालित होने वाले स्थानों की संख्या 55 हजार से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि अंडमान-निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में भी संघ की शाखाएं सक्रिय रूप से चल रही हैं।

### संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव प्रस्तावित

बैठक में संघ की संगठनात्मक संरचना में विकेंद्रीकरण को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसके तहत वर्तमान में मौजूद 46 प्रांतों की जगह छोटी प्रशासनिक इकाइयों के रूप में संभाग बनाने का प्रस्ताव सामने आया है। प्रस्ताव लागू होने के बाद संघ के संगठनात्मक ढांचे में 80 से अधिक संभाग होंगे। सूत्रों के अनुसार, इस बदलाव के साथ प्रचारकों के दायित्वों में भी परिवर्तन किया जाएगा ताकि संगठन का काम अधिक प्रभावी और स्थानीय स्तर पर सक्रिय रूप से संचालित हो सके।

### समाज में गुणवत्ता और समरसता पर जोर

होसबाले ने कहा कि संगठन विस्तार के साथ-साथ समाज में गुणवत्ता संवर्धन भी संघ की प्राथमिकता है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व केवल एक विचार नहीं बल्कि जीवन शैली है और इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक मूल्यों का विस्तार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में महापुरुषों का सम्मान जाति-पंथ के भेद से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए। इसी भावना से नवम गुरु तेग बहादुर के बलिदान के 350वें वर्ष पर देशभर में दो हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सात लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### गौ-सेवा और ग्राम विकास पर भी जोर

प्रतिनिधि सभा में गौ-सेवा और ग्राम विकास को लेकर भी योजनाओं पर विचार किया गया। नागरिकों को घरों की छतों पर सब्जी उगाने और उसमें देसी गोबर तथा गौमूत्र आधारित खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही हरित घर की अवधारणा को बढ़ावा देने के तहत पॉलीथिन के न्यूनतम उपयोग और जल संरक्षण जैसे उपायों को अपनाने का आह्वान किया गया।

### देशभर में कार्यक्रमों में बढ़ी भागीदारी

संघ के कार्यक्रमों में देश के दूरदराज क्षेत्रों में भी उत्साह देखा गया। अंडमान के नौ प्रमुख द्वीपों से 13 हजार से अधिक लोग एक हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए, जबकि अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 21 स्वधर्म सम्मेलनों में 37 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी रही। संघ ने आगामी वर्ष के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी घोषणा की है। देशभर में 11 क्षेत्रीय और नागपुर में आयोजित होने वाले एक प्रशिक्षण वर्ग सहित कुल 96 प्रशिक्षण वर्ग संचालित किए जाएंगे।

# हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी, कई जगह बारिश

**एजेंसी** | श्रीनगर/ शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और आसपास के इलाकों में रविवार को आंधी, ओलावृष्टि और बारिश हुई जबकि कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। मनाली के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों, विशेष रूप से अटल टनल के आसपास हल्की बर्फबारी देखी गई। अटल टनल के पास पर्यटकों के फंसे होने की खबर है। कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हिमपात हुआ है। दूसरी ओर, गुलमर्ग पर्यटन स्थल समेत कश्मीर के ऊपरी इलाकों के कुछ क्षेत्रों में हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई। उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के आसपास के इलाके में भी बर्फबारी हुई है।



*हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को अटल टनल के पास बर्फबारी के बीच निगरानी करता सुरक्षाकर्मी।*




*उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर परिसर में रविवार को बिछी बर्फ की चादर।*

## नेपाल: बस हादसे में 7 भारतीयों की मौत

**काठमांडू**। नेपाल के मध्य क्षेत्र में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई। गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। 'काठमांडू पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## हरियाणा के कांग्रेस विधायक कुफरी से कसौली पहुंचे

**शिमला**। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के नजदीक स्थित कुफरी के दो रिजॉर्ट में ठहरे हरियाणा के 31 कांग्रेस विधायकों को राज्यसभा चुनाव से एक दिन पहले रविवार शाम को बारिश और ओलावृष्टि के बीच सोलन जिले के कसौली में स्थानांतरित किया गया। कांग्रेस विधायक भारी सुरक्षा काफिले के साथ तीन छोटी बसों में सवार होकर शाम लगभग 4.20 बजे कुफरी से रवाना हुए। सूत्रों ने बताया कि चंडीगढ़ से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित कसौली के एक होटल में उनके लिए 40 कमरे बुक किए गए हैं। कांग्रेस ने विधायकों को प्रभावित करने और क्रॉस-वोटिंग को लेकर चिंताओं के बीच शुक्रवार को अपने हरियाणा के विधायकों को शिमला के बाहरी इलाके कुफरी में स्थानांतरित कर दिया था।

### स्पीकर बिरला ने लोकसभा में विभिन्न दलों के नेताओं को लिखा पत्र, कहा-

# कुछ सदस्य लोकतंत्र की गरिमा व प्रतिष्ठा को कर रहे हैं कमजोर

### सदन में बैनर, तख्तियां दिखाने पर चिंता व्यक्त की

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कुछ सांसदों द्वारा सदन के अंदर बैनर, तख्तियां, पोस्टर दिखाने और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपने सदस्यों के बीच अनुशासन और उच्च नैतिक आचरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

लोकसभा में प्रतिनिधित्व रखने वाले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में बिरला ने कहा कि सदन की हमेशा से गरिमापूर्ण चर्चा और संवाद की गौरवशाली परंपरा रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ सदस्यों द्वारा देश के संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को सदन के भीतर और बाहर तथा संसद परिसर के अंदर कमजोर किया जा रहा है।

बिरला ने कहा कि जिस तरह से बैनर, तख्तियां और पोस्टर प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है और सदन व संसद भवन परिसर के अंदर जिस तरह का आचरण और व्यवहार प्रदर्शित किया जा रहा है, वह हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। यह पत्र राजनीतिक दलों के नेताओं को ऐसे समय में भेजा गया है, जब लोकसभा में बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हो गया था। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए विपक्षी दलों ने उन पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि वे उन्हें बोलने का मौका नहीं देते हैं।



### स्थिति की गंभीरता पर विश्लेषण की जरूरत

बिरला ने हिंदी में लिखे पत्र में कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से इस स्थिति पर गंभीरता से विचार-विमर्श और विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अतीत में जब भी सदन के भीतर आचरण और व्यवहार के मानकों में गिरावट महसूस की गई, तो सभी राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों द्वारा समय-समय पर सम्मेलन आयोजित किए गए, जहां देश के लोकतांत्रिक संस्थानों की गरिमा और प्रतिष्ठा के संरक्षण व संवर्धन पर चर्चा और संवाद आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भी चर्चा हुई है और प्रस्ताव पारित किए गए हैं।

### कई मौकों पर किया था आचरण के उच्च मानक बनाए रखने का आग्रह

बिरला ने कहा, मैंने कई अवसरों पर, चाहे वह कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठकें हों, राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकातें हों या अन्य अवसर हो, आपसे आचरण और व्यवहार के उच्च मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, मेरा विनम्र अनुरोध है कि पूरा देश हमारे आचरण और व्यवहार को देखता है और संसद से जाने वाला संदेश देश के सभी लोकतांत्रिक संस्थानों में गूंजता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की उच्च गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अब गंभीर चिंतन और आत्मनिरीक्षण करने का समय आ गया है।

### लोकतंत्र में जनता का विश्वास होगा मजबूत

बिरला ने विशेष रूप से कहा कि सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व और सदन में सभी दलों के नेताओं को सदन व संसद भवन परिसर के भीतर अपने सदस्यों के बीच अनुशासन और उच्च नैतिक आचरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। यदि हम सभी इस दिशा में सामूहिक प्रयास करें, तो संसदीय लोकतंत्र में जनता का विश्वास निश्चित रूप से और मजबूत होगा तथा सदन की प्रतिष्ठा और मर्यादा में निरंतर वृद्धि होगी। मुझे विश्वास है कि आप सभी इस महान संस्था की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने में अपना पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने कहा, लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में मैं यह पत्र आपको केवल एक औपचारिक संदेश के रूप में नहीं लिख रहा हूं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ लिख रहा हूं।

### संदिग्ध वोटरों के केस का होगा निस्तारण

# बंगाल में पूरक वोटर लिस्ट जारी होगी: CEC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान संदिग्ध पाए गए मतदाताओं के मामलों का न्यायिक अधिकारियों द्वारा निस्तारण किए जाने के बाद पूरक मतदाता सूची जारी की जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि न्यायिक अधिकारी मामले की सुनवाई कर रहे हैं और मामलों का निस्तारण होते ही हम पूरक सूचियां जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार, कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत काम करने वाले न्यायाधीश इस पूरक सूची को तैयार करेंगे, और जैसे ही नाम सामने आएंगे, उन्हें मतदाताओं की मौजूदा सूची में शामिल कर लिया जाएगा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बाद करीब 7.04 करोड़ मतदाता हैं। ज्ञात रहे कि पश्चिम बंगाल में फरवरी में मतदाता सूची के एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, 60 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम 'संदिग्ध' श्रेणी में रखे गए थे और उन्हें न्यायिक अधिकारियों को निर्णय के लिए सौंप दिया गया। अब उनके नाम केवल पूरक मतदाता सूचियों के माध्यम से ही शामिल किए जा सकते हैं।

### आचार संहिता से पहले नीतिगत फैसले संभव

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आचार संहिता लागू होने से पहले केंद्र और राज्य सरकारें अपने विवेक के अनुसार नीतिगत फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ ही मिनट पहले एक के बाद एक दो महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा करने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की। ममता बनर्जी सरकार के निर्णयों में कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान और पुरोहितों और मुअज्जिनों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले लिए गए निर्णय सरकार का विशेषाधिकार हैं। ज्ञात रहे कि ममता बनर्जी ने पहले हिंदू और मुस्लिम धार्मिक पदाधिकारियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की थी। बााद में बकाया डीए के वितरण की घोषणा की।

### 'वॉइसेस ऑफ फेथ' संवाद में सूफीवाद पर उद्बोधन

# सूफी परंपरा प्रेम व मानवता की एकता में निहित: चिश्ती

**बेधड़क** | लंदन

अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दी नशीन और चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने अजमेर की चिश्ती सूफी परंपरा के शाश्वत संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा मार्ग है जो प्रेम, सेवा, विनम्रता और मानवता की एकता में निहित है। चिश्ती ने लंदन के प्रतिष्ठित बारबिकन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'वॉइसेस ऑफ फेथ' संवाद के दौरान सूफीवाद और आत्म-साक्षात्कार की आंतरिक यात्रा पर अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि सूफीवाद का सार 'स्व' (Ego) से 'परम-स्व' (Self) तक की यात्रा है। चिश्ती ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आज के दौर में, जब दुनिया भर में तनाव और सामाजिक बिखराव का माहौल है, शांति और नैतिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक संवाद और विभिन्न धर्मों के बीच मेल-जोल बेहद जरूरी है। 'वॉइसेस ऑफ फेथ' (Voices of Faith) संवाद का समापन एक नई अपील के साथ हुआ, जिसमें आध्यात्मिक परंपराओं, विद्वानों और सांस्कृतिक नेताओं के बीच और भी गहरे सहयोग का आह्वान किया गया, ताकि मानवता के भविष्य के लिए आपसी समझ, करुणा और एक साझा नैतिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके। 'वॉइसेस ऑफ फेथ' का यह आयोजन टीमवर्क आर्ट्स ने कामिनी और विंदी बंगा फैमिली ट्रस्ट के सहयोग से किया गया था। इसमें दुनिया भर के जाने-माने विचारक, आध्यात्मिक नेता, विद्वान और सांस्कृतिक हस्तियां एक साथ नजर आईं। इस उत्सव का आयोजन और प्रस्तुति संजय के. रॉय के नेतृत्व में, कामिनी बंगा और विंदी बंगा के साथ मिलकर की गई थी।



*'वॉइसेस ऑफ फेथ' संवाद के दौरान हाजी सैयद सलमान चिश्ती(बाएं)।*

## यूएई: भ्रामक पोस्ट पर 19 भारतीय होंगे गिरफ्तार

**दुबई**। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने क्षेत्रीय तनाव के बीच सोशल मीडिया पर भ्रामक और मनगढ़ंत वीडियो क्लिप साझा करने के आरोप में 19 भारतीय नागरिकों समेत 35 लोगों की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'अमीरात समाचार एजेंसी' (डब्ल्यूएएम) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आरोपियों को त्वरित सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। ताजा सूची में विभिन्न देशों के 25 लोग शामिल हैं, जिनमें 17 भारतीय हैं। यह सूची शनिवार को नामित किए गए 10 लोगों से अलग है, जिनमें दो भारतीय भी शामिल थे।

### सुरक्षा बलों का अभियान जारी

# J&K में घुसपैठ नाकाम, पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के निकट सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। इस बीच, सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'पोस्ट' में कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ के प्रयास के संबंध में दी गई विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 14-15 मार्च 2026 की दरमियानी रात को जनरल क्षेत्र बुच्छर, उरी सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। पोस्ट में कहा गया कि सैनिकों ने एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद समेत युद्ध सामग्री बरामद की गई है।

### ईरान का आरोप- यूएई के बेस से किए गए उस पर हमले

# ईरान ने फिर बनाया खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना

**एजेंसी** | काहिरा

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने रविवार को अरब खाड़ी के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से उसके खार्ग और अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें आशा है कि तेल व गैस के निर्यात पर निर्भर देश हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे। हालांकि रविवार तक किसी भी देश ने इसके लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कुछ देशों ने कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं।

**ईरान से भारत लौटे छात्र-छात्राएं**



*ईरान से भारत लौटे छात्र-छात्राएं रविवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 (T3) पर पहुंचे।*

### ईरान ने सैकड़ों मिसाइल दागे

संघर्ष के दौरान ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, कतर और ओमान पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे। उसका कहना है कि वह अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है, लेकिन हवाई अड्डों और रिहायशी इलाकों में हमलों की सूचनाएं भी सामने आईं। हालांकि इन देशों की वायु रक्षा प्रणाली ने अधिकतर हमलों को नाकाम कर दिया, फिर भी इस युद्ध से काफी नुकसान हुआ है और खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित हुई हैं।

### यूएई के तीन बंदरगाह खाली करने की ईरान ने की लोगों से अपील

ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। ईरान ने पश्चिम एशिया के सबसे व्यस्त बंदरगाह और संयुक्त अरब अमीरात के दो अन्य बंदरगाहों को खाली करने का आह्वान किया। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में "बंदरगाहों, 'डॉक' और ठिकानों" का इस्तेमाल किया।

### यूएई ने आरोपों को किया खारिज

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के कूटनीतिक सलाहकार अनवर गर्गाश ने भी ईरान के इस आरोप को खारिज किया कि खार्ग द्वीप पर हमले के लिए अमेरिका ने अमीरात की जमीन या हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया।

### युद्ध को पूरी तरह खत्म करने के प्रस्ताव पर विचार को तैयार

अब्बास अराघची ने रविवार को लंदन के अखबार 'अल-अरबी अल-जदीद' से कहा कि ईरान ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार है, जिसमें युद्ध को पूरी तरह खत्म करने की बात हो। उन्होंने यह भी कहा कि तनाव कम करने के लिए ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मध्यस्थता की कोशिशें जारी हैं।हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इन कोशिशों में अब तक कोई प्रगति हुई है या नहीं।


### नेतन्याहू ने अफवाहों को नकारा, बोले- मैं जिंदा हूं

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर फैली अपनी मौत की अफवाहों का मजाक उड़ाते हुए वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में वे कैफे में कॉफी ऑर्डर करते दिख रहे हैं और हल्के-फुल्के अंदाज में कहते हैं, 'मैं मर गया हूं... कॉफी के लिए।' यह एक तरह का हिब्रू मुहावरा है, जिसका मतलब है कि वे किसी चीज से बेहद प्यार करते हैं। नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि वे जिंदा हैं और अफवाहें बेबुनियाद हैं।

## खेल हलचल

### अभ्युदय व कुणाल ने मुख्य खिताब जीता

**जयपुर।** रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित 'पांचवें किसान गोल्फ कप' में अभ्युदय रावत ने बेस्ट प्रो वर्ग में 68 अंकों और कुणाल सिंह ने 70 अंकों के साथ बेस्ट ग्रॉस (जूनियर) का मुख्य खिताब जीता। प्रतियोगिता के 0-9 हैंडीकैप वर्ग में हृदयान सरावगी (39 अंक) विजेता व राजकुमार नैन (36 अंक) उपविजेता रहे। 10-18 वर्ग में मनीष कुमावत जूनियर (35 अंक) ने जीत दर्ज की व ओम प्रकाश सारस्वत (34 अंक) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि 19-24 वर्ग में आलोक शर्मा (39 अंक) विजेता और गौरव माथुर (39 अंक) उपविजेता रहे। महिला वर्ग में 31 अंकों के साथ शिक्षा जैन विजेता और श्रीजा जैन उपविजेता रहीं। पल्लवी चौधरी को 'उभरती महिला खिलाड़ी' का विशेष सम्मान मिला। वयोवृद्ध श्रेणी में सतीश राजोरिया और डॉ. राघवेंद्र चौधरी जीते, जबकि डॉ. बी.एम. रतूड़ी और कमल बोरढ़िया उपविजेता रहे। अतुल पोद्दार (स्ट्रेटेस्ट ड्राइव), वृंदा सैनी और अनस शम्सी ने भी अपनी छाप छोड़ी। डॉ. समीर शर्मा ने साइकिल का पुरस्कार जीता। संयोजक जसवंत मील ने बताया कि पूर्व खेल मंत्री कृष्णा पूनिया, डीआईजी प्रहलाद कृष्णियां, क्लब कप्तान योगेंद्र सिंह शेखावत ने ट्रॉफी प्रदान की।




### प्रतियोगिता में दिखा डॉक्टरों का दम

**जयपुर।** एसएमएस स्टेडियम में आयोजित 'वंशदीप टैबलिंटन' के 11वें संस्करण में रविवार को बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम में की स्पर्धाएं हुईं। बैडमिंटन में नवनीत इमेजिंग और अपैक्स हॉस्पिटल ने अपने-अपने मुकाबलों में क्रमशः एचसीजी और चिरंजीवी हॉस्पिटल को 6-0 के अंतर से मात दी। वहीं, निया डायग्नोस्टिक ने प्रोडेन्ट केअर को टाई-ब्रेकर में 5-4 से हराया। टेबल टेनिस में नेहा ईएनटी हॉस्पिटल ने दाना शिवम को 6-3 से हराया, जबकि नारायणा हॉस्पिटल के साथ उनका मुकाबला 4-4 की बराबरी पर छूटा। ऋषभ मल्टीस्पेशलिटी ने नव इम्पीरियल को 5-4 से पराजित किया। कैरम स्पर्धा में संभव डायग्नोस्टिक्स ने माइक्रोचेक लैब्स को 5-1 से हराया। एक अन्य मैच में आंगन मेडिनोवा ने साकेत हॉस्पिटल पर 5-1 से जीत दर्ज की। डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. विशाल, डॉ. अंकित जैन और डॉ. गौरव भार्गव जैसे चिकित्सकों ने अपने उत्कृष्ट खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया।



### पोलो सीजन: जयपुर ने जीता खिताब

**जयपुर।** राजस्थान पोलो क्लब के मैदान में रविवार को जयपुर पोलो सीजन 2026 में श्री सीमेंट कप (आउट ऑफ हैट) टूर्नामेंट का खिताब टीम जयपुर ने नाहरगढ़ को 9-4.5 के अंतर से शिकस्त देकर जीत लिया। पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकेले ही 7 गोल दागे। टीम जयपुर की जीत में प्रताप सिंह कानोता ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 2 गोल किए। दूसरी ओर, टीम नाहरगढ़ को मैच की शुरुआत में आधे गोल का एडवांटेज मिला। नाहरगढ़ की ओर से तरुण बिलवाल और विशाल सिंह राठौड़ ने 2-2 गोल किए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अमिताभ सिहाग (ज्वाइंट वाइस प्रेसिडेंट व जोनल हेड नॉर्थ, श्री सीमेंट) ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।



#### पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड को हराया

# द. अफ्रीका सात विकेट से जीता

**एजेंसी** | माउंट माउंगानुई

दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां खेले गए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड पर सात विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। नकोबानी मोकोएना की धारदार गेंदबाजी और उसके बाद कॉनर एस्टरहाउजन की नाबाद 45 रनों की धैर्यपूर्ण पारी के दम पर मेहमान टीम ने पांच मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

92 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 16.4 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का न्यूजीलैंड का फैसला आत्मघाती साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की जुगलबंदी के सामने कीवी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (1), टॉम लैथम (7) और टिम रॉबिन्सन (6) जैसे अनुभवी खिलाड़ी पिच पर टिकने में नाकाम रहे। स्थिति इतनी खराब थी कि न्यूजीलैंड ने महज 36 रन के स्कोर पर अपने पांच शीर्ष बल्लेबाजों को खो दिया था। मध्यक्रम में कप्तान मिचेल सैंटनर (15) और जेम्स नीशम ने छठे विकेट के लिए 22 रन जोड़कर पारी को कुछ स्थिरता देने का प्रयास किया। हालांकि, केशव महाराज ने सैंटनर को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। नीशम ने 21 गेंदों में 26 रनों की सर्वाधिक पारी खेली, जबकि कोल मैककॉन्ची ने अंत में 15 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन और केशव महाराज ने दो-दो विकेट लेकर कीवी टीम को 14.3 ओवर में ही 91 रनों पर समेट दिया।




### कॉनर एस्टरहाउजन ने संभाली पारी और जीत दिलाई

छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी सही नहीं रही। टीम ने 28 रन के कुल योग तक टोनी डीजॉर्जी (2) और रूबिन हरमन (7) के रूप में अपने सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। जेसन स्मिथ ने 10 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन मिचेल सैंटनर ने उन्हें पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाने की कोशिश की। संकट के समय कॉनर एस्टरहाउजन ने एक छोर संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा पेश किया। उन्होंने 48 गेंदों की अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के जड़ते हुए नाबाद 45 रन बनाए। डियान फॉरेस्टर (16 नाबाद) ने उनका बखूबी साथ निभाया और दोनों ने चौथे विकेट के लिए अटूट साझेदारी कर 20 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेट कीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की।

### बांग्लादेश ने पाक को 11 रन से हराया

**ढाका।** बांग्लादेश ने तीसरे वनडे मैच में पाकिस्तान को 11 रन से हरा दिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने 3 मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। सलमान आगा ने शतकीय पारी खेली, वहीं शाहीन अफरीदी भी अंत तक लड़ते रहे, लेकिन पाकिस्तान की हार को टाल नहीं पाए। मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 290 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 279 रन ही बना पाई।

#### नमन अवार्ड 2026: द्रविड़, बिन्नी व मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

## गिल व मंधाना को BCCI के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बीसीसीआई की ओर से रविवार को दिल्ली में नमन अवार्ड 2026 का आयोजन किया गया। इसमें भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता, जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। साथ ही पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को बीसीसीआई के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




### 5 टीमें सम्मानित

2024-26 तक 5 ICC टूर्नामेंट जीतने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। शेफाली वर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला सीनियर वनडे क्रिकेटर, ईरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू), हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर और आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## प्रेसिडेंट कप के लिए राजस्थान टेनिस क्रिकेट टीम का चयन

**बेधड़क** | जयपुर

इंडियन टेनिस स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से 31 मार्च से महाराष्ट्र में होने वाले प्रेसिडेंट कप के लिए राजस्थान टेनिस क्रिकेट की 17 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। राजस्थान टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि टीम में सोनू शेखावत कप्तान, पवन गुर्जर उप कप्तान, आमिर सोहेल विकेट कीपर, नयुम सिसोदिया, निखिल भाटी, विजेंद्र वर्मा, अरविंद मोर्गन, करण सिंह शेखावत, मंथन राम, अनु पिंटू बिश्नोई, दीपक शेरावत, बुद्धि बगरू, राजू पालड़ी, अंकित स्वामी, प्रहलाद शर्मा, प्रशांत वैसोनिया व प्रहलाद के साथ टीम मैनेजर प्रहलाददान पूगल, कोच कमल बगड़िया, मेंटोर राज यादव व स्टाफ में सांवर जाट साथ रहेंगे।


सोनू शेखावत, कप्तान

# बिजनेस बेधड़क

"अगर आप उड़ नहीं सकते तो दौड़ें, अगर आप दौड़ नहीं सकते तो चलें, अगर आप चल नहीं सकते तो रेंगें, लेकिन आप जो भी करें आपको आगे बढ़ते रहना होगा। -मार्टिन लूथर किंग, जूनियर



"हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है। सफलता का सबसे निश्चित तरीका हमेशा एक बार और कोशिश करना है। -थॉमस एडिसन



## जरूरी खबर

### IPO लाने वाली कंपनियों के निर्गम नियमों में संशोधन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के लिए न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से जुड़े नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार सार्वजनिक हिस्सेदारी को अब निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ा गया है। संशोधित प्रावधानों के तहत जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपए से अधिक और 5,000 करोड़ रुपए से कम है, उन्हें सूचीबद्ध होने के तीन वर्ष के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी। यह प्रक्रिया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा निर्धारित तरीके से पूरी की जाएगी। नियमों के मुताबिक सूचीबद्ध होने के समय प्रत्येक श्रेणी की प्रतिभूतियों का कम से कम 2.5% हिस्सा जनता को देना अनिवार्य होगा। नए प्रावधानों का उद्देश्य बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों की भागीदारी को मजबूत करना है।

#### कारीगरों की हस्तकला का प्रदर्शन, उत्पादों को एक मंच पर मिला बाजार

# 'लोकल टू ग्लोबल' को मिलेगी उड़ान

- राज्य स्तरीय ODOP और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी का शुभारंभ

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर प्रदेश में 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य स्तर पर तथा सभी जिलों में 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में राज्य स्तरीय ओडीओपी और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने संयुक्त रूप से किया।


*प्रदर्शनी का उद्घाटन करते जयपुर की संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और उद्योग आयुक्त सुरेश ओला।*

### 120 स्टॉल लगाए, कर सकेंगे खरीदारी

राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है, जहां आगंतुक इन उत्पादों को खरीद भी सकते हैं। प्रदर्शनी में पारंपरिक हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित वस्तुएं, आभूषण, वस्त्र और अन्य स्थानीय उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन दोनों प्रदर्शनियों में ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए कुल 120 स्टॉल लगाए गए हैं। आमजन 19 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी

जयपुर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र और राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के सहयोग से जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी 'जयपुर रत्नम्' भी आयोजित की गई है। इसमें जिले के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 80 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्थानीय कारीगर अपने आभूषण और हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक कला से जुड़ने का मिलेगा अवसर

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा मंच प्रदान करते हैं। इससे न केवल व्यापार बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक कला से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य भारतीय कारीगरों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है, ताकि वैश्विक बाजार में उनकी अलग पहचान बन सके।

### सभी जिलों में भी ओडीओपी प्रदर्शनी

राजस्थान दिवस समारोह के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में भी ओडीओपी प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इन प्रदर्शनियों में कारीगर अपने उत्पादों की विशेषताओं के बारे में आमजन को जानकारी दे रहे हैं और उनकी बिक्री भी कर रहे हैं।

### उद्यमियों की आय में होगी बढ़ोतरी

उद्योग विभाग के अनुसार इस पहल का उद्देश्य कारीगरों और उद्यमियों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, स्थानीय उत्पादों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा उद्यमियों की आय और राजस्व में वृद्धि करना है। इसके साथ ही ऐसे आयोजनों से उद्यमियों को संवाद और प्रोत्साहन का भी अवसर मिलता है।

### स्थानीय उत्पादों को मिलेगा नया बाजार

उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जयपुर जिले के ओडीओपी उत्पादों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनिंदा उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करना है।

## बाजार हलचल

### BLF ट्रायम्फ चैप्टर की मीटिंग आयोजित

**बेधड़क, जयपुर।** बिजनेस लीडर्स फोरम (BLF) ट्रायम्फ चैप्टर ने 14 मार्च को एमआई रोड स्थित गोल्डन ट्यूलिप एसेंशियल में अपनी मासिक बिजनेस मीटिंग सफलतापूर्वक आयोजित की, जिसमें विभिन्न उद्योगों से जुड़े अनुभवी उद्यमी एक साथ शामिल हुए। इस मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य पेशेवर संबंधों को मजबूत करना और अधिक से अधिक विजिटर्स की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। विभिन्न व्यावसायिक पृष्ठभूमि से आए कई विजिटर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जिससे नए दृष्टिकोण, सहयोग और व्यापारिक विकास के अवसर बने। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भी उत्सव मनाया गया, जिसमें समुदाय की महिला उद्यमियों की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित किया गया। संस्थापक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि BLF लगातार सहयोग और सामूहिक सीख के लिए एक सशक्त मंच के रूप में आगे बढ़ रहा है। अध्यक्ष ईशा शर्मा ने विजिटर्स की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि उपाध्यक्ष शुभम बंसल ने ऐसी बैठकों के माध्यम से सार्थक व्यावसायिक संबंध बनाने पर जोर दिया।



### अदानी टोटल गैस ने औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमतें घटाई

**नई दिल्ली।** अदानी टोटल गैस लिमिटेड ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों को आपूर्ति की जाने वाली अतिरिक्त प्राकृतिक गैस की कीमत घटा दी है। कंपनी ने दर 119.90 रुपए प्रति मानक घन मीटर से कम कर 82.95 रुपए प्रति मानक घन मीटर कर दी है। नई दरें 16 मार्च सुबह छह बजे से लागू होंगी। कंपनी के अनुसार यह मूल्य संशोधन उपभोक्ताओं को कम कीमत का लाभ देने और मौजूदा आपूर्ति प्रतिबंधों के दौरान गैस वितरण व्यवस्था को संतुलित रखने के उद्देश्य से किया गया है। औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों को पहले अनुबंधित गैस का केवल 40 प्रतिशत उपयोग करने की सलाह दी गई थी।

## RECKON इंटीरियर शो-रूम का उद्घाटन

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर स्थित आरएचबी न्यू आतिश मार्केट में RECKON द कम्प्लीट इंटीरियर सॉल्यूशन के नए शो-रूम का उद्घाटन रविवार को हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य तथा आर्किटेक्ट एवं IIID जयपुर चैप्टर के चेयरमैन क्षितिज मनु ने किया। कार्यक्रम में शहर के कई प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर और उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नए शो-रूम में आधुनिक इंटीरियर डिजाइन से जुड़े प्रीमियम उत्पादों और सॉल्यूशंस की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। यहां घर और कार्यालय के लिए संपूर्ण इंटीरियर समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर IIID, जयपुर चैप्टर के चेयरमैन व आर्किटेक्ट क्षितिज मनु ने कहा कि जयपुर में इंटीरियर डिजाइन और वास्तु क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है।



#### पश्चिम एशिया तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से शेयर बाजार दबाव में

# शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बड़ी गिरावट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव के बीच बीते सप्ताह शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट का असर सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर भी पड़ा और इन कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन कुल 4.48 लाख करोड़ रुपए घट गया। सबसे अधिक नुकसान बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों, विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,354.98 अंक यानी 5.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत नीचे आ गया। विश्लेषकों के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।




### एसबीआई और एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा नुकसान

समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 89,306.22 करोड़ रुपए घटकर 9,66,261.05 करोड़ रुपए रह गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 61,715.32 करोड़ रुपए कम होकर 12,57,391.76 करोड़ रुपए पर आ गया।

### इनमें भी दर्ज की गई गिरावट

इसी तरह बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 59,082.49 करोड़ रुपए घटकर 5,32,053.54 करोड़ रुपए रह गया, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 53,312.52 करोड़ रुपए घटकर 8,72,067.63 करोड़ रुपए रह गया। ICICIबैंक की बाजार हैसियत 42,205.04 करोड़ रुपए कम होकर 8,97,844.78 करोड़ रुपए पर आ गई। दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,688.78 करोड़ रुपए घटकर 10,28,431.72 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में भी 33,289.88 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 18,68,293.17 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण 31,245.49 करोड़ रुपए घटकर 4,88,985.57 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 24,230.96 करोड़ रुपए घटकर 5,06,315.58 करोड़ रुपए पर आ गया।

## पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर ने किया गेट टू गेदर

# एआई सहित मीडिया संसाधनों को काम में लें जनसंपर्ककर्मी

बेधड़क | जयपुर

वर्तमान समय में हम डिजिटल युग में हैं। दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर रही है। सूचनाओं का जितना प्रसार अब हो रहा है, उतना कभी नहीं हुआ। यह बहुत तेज गति से हो रहा है। एक सफल जनसंपर्ककर्मी को एआई सहित मीडिया संसाधनों का समुचित प्रयोग करना होगा और अपडेट रहना होगा तथा अपनी विश्वसनीयता पर काम करना होगा। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेषाधिकारी गोविंद पारीक ने पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। जनपथ स्थित यूथ हॉस्टल में आयोजित सम्मान समारोह तथा होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत वरिष्ठ सदस्य साहित्यकार डॉ. नरेंद्र शर्मा 'कुसुम' को मौन श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद सभी सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अलका सक्सेना, अंजना बैराठी, डॉ. तनुश्री मुखर्जी, कविता जोशी, योगेश कानवा, लीलाधर व सुरेंद्र कुमार शर्मा को इस वर्ष उनकी पुस्तकों के प्रकाशन के लिए और पॉपुलर प्रिंटर्स के संचालक निर्मल गोयल को बेस्ट प्रिंटिंग अवार्ड के लिए सम्मानित किया गया।

इस दौरान संस्था के नए सदस्यों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक ने बताया कि जयपुर चैप्टर अपनी गतिविधियों से जनसंपर्क क्षेत्र से जुड़े लोगों तक पहुंचने में सफल रहा है। कार्यक्रम को बीबीसी के एशिया पेसिफिक संवाददाता संजीव श्रीवास्तव और वीके सिंघवी ने भी संबोधित किया।

वहीं, ईश्वर दत्त माथुर ने जयपुर की पारंपरिक होली रचना का गायन कर समारोह में उत्सवी रंग घोला। इस अवसर पर होली की रंग-बिरंगी उपाधियों से चैप्टर के सदस्यों को नवाजा गया। समापन में चैप्टर की उपाध्यक्ष कविता जोशी ने धन्यवाद दिया। सचिव मनीष हूजा, वरिष्ठ मार्गदर्शक कल्याणमल कोठारी, डॉ. संजीव भानावत सहित अनेक उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन चंद्रशेखर पारीक ने किया।


गोविंद पारीक का सम्मान करते वीरेंद्र पारीक।




## City इवेंट्स

### उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के शास्त्री नगर में रविवार को माता हिंगलाज व वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट और अखिल भारतीय खत्री - मोदी - अरोड़ा समन्वय समिति की ओर से अंतरराष्ट्रीय खत्री मीट व युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड - 2026 दिए गए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया तथा समाज के उत्थान, शिक्षा, उद्यमिता और सेवा भावना पर विचार रखे। अरोड़ा ने कहा कि अरोड़ा - खत्री समाज साहस, परिश्रम, व्यापारिक कुशलता और सेवा भावना की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। विभाजन जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद समाज के लोगों ने मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के बल पर देश-दुनिया में पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में समाज को शिक्षा, ज्ञान और नवाचार को प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न घटकों सिख, सिंधी, तेलिया, मुल्तानी, भाटिया, अरोड़ा, मोदी खत्री, पंजाबी खत्री व ब्रह्म खत्री को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा। अंत में आयोजक आर के मोदी ने अरोड़ा का आभार जताया।

### ब्रज महोत्सव में धूम मचाएगी 'लाड़ली'




**जयपुर।** राजस्थान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 मार्च को ब्रज महोत्सव में ब्रज क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर बनी बेटियों के हौसलों के दम पर पहचान बनाने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने जैसे सशक्त कथानक वाली ब्रज फीचर फिल्म 'लाड़ली' का प्रदर्शन किया जाएगा। जवाहर कला केंद्र स्थित रंगायन में बुधवार को 12 बजे से दिखाई जाने वाली ब्रज अंचल की सोंधी मिट्टी से सराबोर इस फिल्म में लठ्ठमार होली, फूलों की होली और रसिया गीत - संगीत देखने को मिलेंगे। ब्रज अकादमी, राजस्थान, इंडो विजन सोसायटी और जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ब्रज क्षेत्र के कलाकार फूलों की होली से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी देंगे। अकादमी की सचिव डॉ. लता श्रीमाली ने बताया कि ब्रज महोत्सव में समाज में बढ़ते डिजिटल महत्व को देखते हुए पहली बार तीतरी प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित विपिन तिवारी की ब्रज भाषा की शिक्षाप्रद फिल्म 'लाड़ली' का प्रदर्शन आमजन के लिए किया जा रहा है। समारोह में फिल्म के कलाकारों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। फिल्म में अमताभ, परी शर्मा, शिवराज गुर्जर, दीपक मीणा, मोहन सैन, मुस्ताक खान, विजय लक्ष्मी और जहीर शेख महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे।

### युवाओं ने जरूरतमंदों के लिए दिया रक्त



**बेधड़क, जयपुर।** भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक पर राजस्थान जैन सभा की ओर से राजस्थान संडे रक्तदान शिविर मार्च - 2026 के तहत ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि) के सहयोग से रविवार को प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर, मानसरोवर में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीएमए अभिषेक जैन तथा विशिष्ट अतिथि अजय जैन और राजकुलदीप सिंह व प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर के डायरेक्टर डॉ. जी. एल. शर्मा रहे। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा की बेटी प्रियांजलि सहित अनेक युवाओं और समाजसेवियों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को उपहार व प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में राजस्थान जैन सभा के पदाधिकारी और संस्था सचिव ऋषि जैन, सह सचिव डॉ. राज के. टांक तथा कोषाध्यक्ष मनीषा जैन, सांस्कृतिक सचिव राखी जैन, प्रियांशी जैन, निकिता, पारुल चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाई।

## मुख्य सचिव ने जवाहर कला केंद्र में किया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# राजस्थान के कलाकारों को राज्य के साथ ही राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेंगे अवसर

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान दिवस के तहत मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला - साहित्य व संस्कृति तथा पुरातत्व और जवाहर कला केन्द्र के महानिदेशक प्रवीण गुप्ता, उपसचिव कला - साहित्य व संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग और जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया की उपस्थिति में केन्द्र की आर्ट गैलरी में जेकेके व राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव ने चित्रों को बारीकी से देखा और उनके कलाकारों से चित्रों के विषय में बात कर प्रशंसा की और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश के कलाकारों को स्थानीय व राज्य स्तर पर कला प्रदर्शन के अवसर देने के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के अवसर दिए जाएंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान दिवस पर पर्यटन, कला-साहित्य व संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से सप्ताह भर के आयोजन में प्रदेश के इतिहास, कला व संस्कृति का उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आवाहन किया कि वे इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता करें तथा प्रदेश की कला-साहित्य व संस्कृति को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार व भारत सरकार दोनों ही देश व राज्य की कला और संस्कृति तथा ऐतिहासिक धरोहरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार प्रदेश के कलाकारों को मंच देने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र की ओर से राजस्थान दिवस पर विभिन्न अकादमियों के सहयोग से होने वाले कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन किया।


मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास। साथ में हैं प्रवीण गुप्ता (दाएं) और अनुराधा गोगिया (बाएं)।


मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास का स्वागत करते प्रवीण गुप्ता।

### 19 मार्च को मनाया जाएगा राजस्थान दिवस

अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य व संस्कृति तथा पुरातत्व प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सरकार इस बार राजस्थान दिवस पिछले वर्ष की घोषणा अनुसार चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा पर 19 मार्च को मनाया जाएगा। जेकेके की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि प्रदर्शनी में राजस्थान ललित कला अकादमी व केन्द्र में आयोजित रंगरीत और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला कलाकारों की कार्यशाला में बनाए गए चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा, पुनीता सिंह, दलीप सिंह राठौड़, ललित कला अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष, पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र, जवाहर कला केन्द्र की वरिष्ठ लेखा अधिकारी बिंदु भोभरिया, हरशिव जोशी, कला मेला संयोजक नाथूलाल वर्मा, मनीष शर्मा, विनय शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद व वरिष्ठ कलाकार तथा आमजन उपस्थित रहे।




चित्रों के बारे में जानकारी लेते मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास।


कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन करते मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास। साथ में हैं प्रवीण गुप्ता, अनुराधा गोगिया और अन्य।

**कार्यशाला** खादी व ग्रामोद्योग आयोग का दो दिवसीय आयोजन

# हस्तनिर्मित कागज उद्योग के विस्तार पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

खादी व ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के राज्य कार्यालय की ओर से कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान (केएनएचपीआई) के सहयोग से हस्तनिर्मित कागज निर्माण विषय पर दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हस्तनिर्मित कागज उद्योग के तकनीकी उन्नयन, नवाचार तथा बाजार विस्तार की संभावनाओं पर विमर्श किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदीप ओझा ने कहा कि हस्तनिर्मित कागज उत्पादों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापक संभावनाएं हैं। डॉ. राहुल मिश्र, राज्य निदेशक केवीआईसी व निदेशक केएनएचपीआई ने तकनीकी नवाचार तथा वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। निदेशक (एच.एम.पी. एफ.आई.) केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई से पी. के. सतपथी, निदेशक (एचएमपीएफआई) केवीआईसी मुंबई ने वित्तीय व तकनीकी सुविधाओं की जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में अपर्णा नाग, संयुक्त आयुक्त केवीआईबी, जयपुर ने कहा कि ग्रामीण उद्योगों का विकास आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में भूमिका निभाता है। कार्यशाला में सीसीएस, NIYAM, जयपुर की उपनिदेशक डॉ. शुचि माथुर उपस्थित रहीं। सत्र में डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार जैन, डॉ. रामजी सुब्रमण्यम तथा अमित भार्गव ने आईपीआर के महत्व, वैकल्पिक रेशों की संभावनाओं, नवाचार तथा निर्यात के अवसरों पर जानकारी दी।


अपर्णा नाग, पी. के. सतपती, प्रदीप ओझा, राहुल मिश्रा, डॉ. सुचि माथुर और अजय शर्मा।


प्रदीप ओझा का स्वागत करते डॉ. राहुल मिश्रा।

### भास्कर डिजिटल ने जीती ट्रॉफी, सेमीफाइनल में गर्वित की 108 रन की पारी ने किया रोमांचित

**बेधड़क, जयपुर।** प्रेस प्रीमियर लीग - (PPL) - 2026 की ट्रॉफी भास्कर डिजिटल ने जीती। वहीं इससे पहले हुए सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में महानगर टाइम्स ने रोमांचक मैच में फर्स्ट इंडिया को 3 रन से हराया, लेकिन फर्स्ट इंडिया के गर्वित नारंग ने आखिरी गेंद तक मुकाबला किया और 108 रन की नाबाद पारी खेली। ऐसे में महानगर टाइम्स के लिए मुकाबला जीतना आसान नहीं रहा। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महानगर टाइम्स ने 20 ओवर में 200 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से मोहन शर्मा ने 68 रन बनाए, जबकि जिज्ञासु शर्मा ने 48 रन की पारी खेली। मनीष भट्टाचार्य ने 41 रन का योगदान दिया। फर्स्ट इंडिया की ओर से मनीष दीक्षित ने 2 विकेट लिए, जबकि मुकेश बागड़ा और भारत दीक्षित को 1-1 सफलता मिली। 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फर्स्ट इंडिया की टीम ने जोरदार संघर्ष किया। गर्वित के 108 रन बहुत खास रहे, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। निर्धारित 20 ओवर में टीम 197 रन बना सकी। महानगर टाइम्स की ओर से अमर शर्मा और विजय ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहन शर्मा को 1 विकेट मिला। ऐसे में महानगर टाइम्स फाइनल में प्रवेश कर गई और रविवार को हुए अंतिम मुकाबले में भास्कर डिजिटल से हार गई।


गर्वित नारंग।

### ब्यूटी पेजेंट के जयपुर में हुए पहले ऑडिशन के प्रति मॉडल्स में दिखा क्रेज

# 'मिस ग्लैम राजस्थान' के लिए 1500 गर्ल्स ने दिखाया टैलेंट

बेधड़क | जयपुर



मिस ग्लैम राजस्थान 2026 के ग्रैंड ऑडिशन के दौरान प्रतिभागियों के साथ कीर्ति टांक। फोटो: मुकेश किराडू



आईएएस नीरज के. पवन का स्वागत करते पवन टांक और कीर्ति टांक।



कार्यक्रम के दौरान पोज देती उभरती मॉडल जशोदा।

ब्यूटी पेजेंट 'मिस ग्लैम राजस्थान - 2026' के पहले जयपुर ऑडिशन का आयोजन रविवार को सोडाला स्थित क्लब टेडी में किया गया। शो इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित किया जा रहा है। ब्लैक रॉक होटल्स एंड रिसोर्ट और राजवेश दी रॉयल क्लोथिंग की ओर से प्रस्तुत इस पेजेंट में फर्स्ट इंडिया न्यूज, भारत24: विजन ऑफ न्यू इंडिया, अनंत महल, अनंता स्पा एंड रिसोर्ट जयपुर और टेडी क्लब एसोसिएट पार्टनर हैं।

शो डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि प्रतियोगिता राजस्थान की नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें फैशन व मॉडलिंग इंडस्ट्री में आगे बढ़ाने के लिए मंच साबित होगी।

कार्यक्रम के तहत राजस्थान के विभिन्न शहरों से आई लगभग 1500 मॉडल्स ने ब्लैक वन पीस ड्रेस कोड के अनुसार ऑडिशन में पार्टिसिपेट किया। उन्होंने बताया कि शो के चयनित सेमीफाइनलिस्ट्स के लिए 5 दिन की ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसके बाद फाइनलिस्ट्स के लिए 3 दिन का ग्रैंड फिनाले होगा। प्रतियोगिता का फिनाले 5 अप्रैल को अनंत महल रिसोर्ट में होगा। टॉप विनर्स को तीन स्कूटर्स के साथ अन्य विजेताओं को प्राइजेस दिए जाएंगे। ऑडिशन के दौरान पवन टांक, डायरेक्टर मिस इंडिया ग्लैम, ज्योति टांक, डायरेक्टर इंडिया ग्लैम, सौम्या शर्मा, मिस इंडिया ग्लैम रेडिएंट - 2024, ख्वाहिश सैनी, मिस इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल - 2024, शीतल विश्वकर्मा, मिस इंडिया ग्लैम राजस्थान - 2025 और रश्मि राठौड़, ग्रूमिंग एक्सपर्ट जूरी रहे। इस अवसर पर क्लब टेडी के ओनर अश्विन बेनीवाल, राजवेश के चेयरमैन रमेश नर्नोलिया, ब्लैक रॉक के डायरेक्टर्स अमित सरिन, गौरव मुद्गल और अंशुल भार्गव, अनंत महल के जीएम लोकेन्द्र सिंह, आईएएस नीरज के पवन, आरएएस एसोसिएशन प्रेसिडेंट महावीर प्रसाद खराड़ी, सफारी ग्रुप डायरेक्टर पवन गोयल शामिल हुए।

## City इवेंट्स

### सेंट्रल बैंक के एमडी कल्याण कुमार का अभिनंदन



**बेधड़क, जयपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एंड सीईओ कल्याण कुमार से बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों का शिष्टमंडल जयपुर में नए जोनल ऑफिस के उद्घाटन पर मिला। सीबीआरओ ए. के. महासचिव एन. के. पारीक ने शाल व बुके भेंटकर कल्याण कुमार का अभिनंदन किया तथा जयपुर में बैंक का नया जोनल ऑफिस खोलने पर बधाई दी। साथ ही व्यवसाय वृद्धि में हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव पदम जैन बिलाला के अनुसार इस अवसर पर मनोज शर्मा, बीएस राठौड़ एजीएम, ललित शर्मा, शिवा नंद शर्मा, बीएस राठौड़ डीजीएम सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### DPL में रोमांचक मुकाबले




**बेधड़क, जयपुर।** डॉक्टर्स सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित डॉक्टर्स प्रीमियर लीग टी - 20 में रोमांच चरम पर है। सीजन - 18 में 20 टीमें भाग ले रही हैं और मैचों के साथ स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। लीग की आयोजन समिति सदस्य डॉ. अरुण सोनी और डॉ. अमित वालिया ने बताया कि डीपीएल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम एसआर कल्ला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में टीम एमजीएच ने 2 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच डॉ. राहुल गिठाला ने नाबाद 62 रन बनाए, जबकि डॉ. विकास झारवाल ने 69 रन की पारी खेली। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आरके हॉस्पिटल ने 17 ओवर में 89 रन बनाए। डॉ. छपोला ने 26 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच डॉ. विनय सिंह ने 4 विकेट लिए, जबकि डॉ. सुशील मिमरोथ ने 3 विकेट झटके। एमएल स्पाइन टीम ने 4 विकेट पर 11.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### इटरनल कॉट्योर वीक के हुए ऑडिशन



**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी में फैशन और ग्लैमर का संगम 30 और 31 मई को हैवा हेवन रिजॉर्ट में इटरनल कॉट्योर वीक सीजन - 3 के रूप में देखने को मिलेगा, जिसका पहला ऑडिशन होटल ग्रांड सफारी में हुआ और लगभग 200 मॉडल्स ने टैलेंट दर्शाया। डीबॉक ऑर्गेनिक फार्म की ओर से हो रहे आयोजन में टैलेंट पार्टनर ब्लैक पर्ल हैं। शो का संचालन सीएनएक्स न्यूज की ओर से किया जाएगा, जबकि टैकप्रो सह - संचालन करेंगे। कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर भारत24: विजन ऑफ न्यू इंडिया है। ऑर्गनाइजर दीपिका ने बताया कि शो में करीब 40 सीनियर मॉडल्स की भागीदारी रहेगी तथा 20 डिजाइनर्स के कलेक्शन पेश किए जाएंगे। इस अवसर पर डिजाइनर आलोक अग्रवाल, मितेश उपाध्याय, चिराग चौधरी, संजीव चंद्रावत, मनोज सोनी, मुकेश मनवर उपस्थित रहे।

### 'जामुन के पेड़' में प्रशासन पर साधा निशाना



**बेधड़क जयपुर।** गुरमिंदर सिंह पुरी रोमी के निर्देशन में जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ कलाकारों ने अभिनय से प्रशासनिक व्यवस्था की अनदेखी और कमजोरियों पर निशाना साधा। मौका था अफसाना निगार कृष्ण चंद्र की कहानी 'जामुन के पेड़' के मंचन का। नाटक का लेखन नीरज गोस्वामी ने किया। नाटक में बताया कि आम व्यक्ति सचिवालय में गिरे जामुन के पेड़ के नीचे दब जाता है, जबकि प्रशासनिक अमला जिम्मेदारी से बचते हुए एक - दूसरे पर आरोप लगाता है। समापन पर जयपुर रंगमंच के कलाकार नरेन्द्र गुप्त ने रवींद्र मंच की बदहाली पर सवाल उठाए। नाटक में नीरज गोस्वामी, ईश्वर दत्त माथुर, राजेंद्र शर्मा राजू, मोइनुद्दीन खान, अशोक माहेश्वरी, गुरमिंदर सिंह पुरी रोमी, आलोक चतुर्वेदी, दीपक कथूरिया, जितेंद्र शर्मा, धनराज दाधीच, यादवेंद्र यादव, बाल कलाकार कवितेश शर्मा, मिहिजा शर्मा और श्रेया व्यास शामिल रहे।

### एक्ट टू एक्शन समर कैंप का शुभारंभ, 10 जिलों में 100 केंद्रों पर 10,000 बच्चे होंगे लाभान्वित

# बच्चे सीखेंगे भारतीय परंपराएं, सांस्कृतिक विरासत और मूल्य आधारित जीवन दृष्टि



मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में आशीर्वाद लेती एक्ट टू एक्शन टीम।



मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर समर कैंप 2026 का पोस्टर जारी करते एक्ट टू एक्शन टीम के सदस्य।

बेधड़क | जयपुर

बच्चों के लिए पारंपरिक समर कैंप व्यवस्था को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से एक्ट टू एक्शन समर कैंप - 2026 (ATA SC'26) का शुभारंभ हुआ। 31 मई तक चलने वाले कैंप का समापन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। फर्स्ट इंडिया टीम के साथ हुए शुभारंभ में बच्चों को भारतीय परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और मूल्य आधारित जीवन दृष्टि का अनुभवात्मक शिक्षण कराया गया। कार्यक्रम से संदेश दिया गया कि आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कार और सांस्कृतिक समझ का समावेश आवश्यक है। 'अब राजस्थान तैयार है' टैगलाइन के साथ आयोजित कैंप 3 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए है। अभियान NEP - 2020 तथा राष्ट्रीय विकसित भारत मिशन के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों को संवेदनशील, सृजनशील और आत्मविश्वासी बनाना है। पहल राजस्थान के 10 जिलों में 100 से अधिक केंद्रों पर होगी और इससे 10,000 से अधिक बच्चों के लाभान्वित करने का लक्ष्य है।



विजय द्वार स्थित वीटी-13 पार्क में वृक्षारोपण करते एक्ट टू एक्शन टीम के सदस्य।

### मोती डूंगरी गणेश मंदिर में कैंप के पोस्टर का विमोचन

कैंप के पहले दिन बच्चों ने वीटी - 13 पार्क, विजय द्वार में भारतीय सेना के सहयोग से वृक्षारोपण में भाग लिया। इस अवसर पर रोहित अग्रवाल ने बच्चों को मियावाकी फॉरेस्ट की अवधारणा समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और सतत जीवनशैली के महत्व से परिचित कराया। वहीं मोती डूंगरी गणेश मंदिर में कैंप का सांस्कृतिक व आध्यात्मिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एक्ट टू एक्शन फाउंडर कृतेश अग्रवाल, जेसीडीसी फाउंडर डॉ. दीपक पंचोली तथा रॉबिनहुड आर्मी से हर्ष शामिल हुए। आगामी दिनों में 27 मार्च को विश्व एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे पर स्वयं के सहयोग में कार्यक्रम होंगे। 31 मई को समापन में अभियान की उपलब्धियों, बच्चों की प्रतिभाओं, सीखने की यात्रा और साझी भागीदारी का उत्सव होगा।



विजय द्वार पर समर कैंप 2026 के पोस्टर लॉन्च के दौरान टीम व स्टूडेंट्स। फोटो: संतोष शर्मा/ सुनील शर्मा


**लेखक सत्र** | पुस्तक 'द बैटल ऑफ नरनौल' लॉन्च

## राव तुला राम की वीरता, विरासत पर विमर्श

बेधड़क | जयपुर

पेजेज बुक क्लब ने रविवार को क्लॉक टावर जयपुर में पुस्तक 'द बैटल ऑफ नरनौल' पर लेखक सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में लेखक कुलप्रीत यादव और मधुर राव ने भाग लिया। पुस्तक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की भीषण लड़ाइयों में से एक और योद्धा राव तुला राम के साहस, नेतृत्व और रणनीति पर चर्चा हुई।

पेंगुइन रैंडम हाउस और क्लॉक टावर के सहयोग से आयोजित सत्र में लेखक ने किताब के ऐतिहासिक महत्व, शोध प्रक्रिया और कम चर्चित स्वतंत्रता संग्राम की कहानियों पर बात की। अतिथि के रूप में राव तुला राम के पड़पोते राव राघवेंद्र सिंह उपस्थित हुए, जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी की विरासत और उनके साहस की आज के समय में प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान के पूर्व गृह राज्य मंत्री और मधुर राव के पिता राजेंद्र सिंह यादव, राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अलसीसर परिवार के मुखिया और होटल व्यवसायी ठाकुर गज सिंह शामिल हुए। साथ ही पेजेज बुक क्लब संस्थापक सदस्य डॉ. राम गुलाटी, प्रज्ञा रामजेवाल और मोहित बत्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा अग्रवाल ने किया। लेखक कुलप्रीत ने बताया कि उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल में लगभग 20 वर्ष सेवा दी। तीन जहाजों का नेतृत्व किया और 2014 में कमांडेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद लेखन को समय दिया और अब तक 18 किताबें लिख चुके हैं।




पुस्तक लोकार्पण के दौरान लाल चंद कटारिया, गज सिंह अलसीसर, मधुर राव, राव यादविंद्र सिंह, कुलप्रीत यादव, राजेंद्र सिंह यादव, भूपिंदर यादव, निष्ठा अग्रवाल, डॉ. राम गुलाटी और प्रज्ञा रामजेवाल।



कुलप्रीत यादव और निष्ठा अग्रवाल के साथ बातचीत करते मधुर राव।

### भारत फेक फॉलोअर्स का सबसे बड़ा मार्केट



**बेधड़क, जयपुर।** भारत में फेक फॉलोअर्स का सबसे बड़ा मार्केट है। इन्फ्लूएंसर्स सोशल मीडिया के मेट्रिक्स और एल्गोरिदम के बीच फंस कर रह गए हैं। यह बात दिल्ली के लेखक, पोडकास्टर व कल्चरल क्रिटिक अनुराग माइनस वर्मा ने उनकी पुस्तक 'द ग्रेट इंडियन ब्रेन रॉट: लव, लाइज एंड एल्गोरिदम इन डिजिटल इंडिया' पर चर्चा के दौरान कही। उन्होंने जयपुर की ब्लॉगर तुषारिका सिंह के साथ चर्चा की। कार्यक्रम प्रभा खेतान फाउंडेशन की 'सहयोग' पहल के तहत रविवार को अशोक क्लब में हुआ। अनुराग ने पुस्तक 'द ग्रेट इंडियन ब्रेन रॉट' के बारे में बताया कि जिस तरह पिछली पीढ़ी में टीवी को 'इडियट बॉक्स' कहा जाता था, उसी तरह आज के दौर में सोशल मीडिया पर कंटेंट कंज्यूम करने की प्रवृत्ति को 'ब्रेन रॉट' कहा गया है। चर्चा का समापन श्रोताओं के साथ प्रश्न - उत्तर से हुआ। इससे पूर्व स्वागत संबोधन अजय सिंघा ने दिया और सेशन का समापन जगदीप सिंह ने किया।



आंतरिक शक्ति आत्मविश्वास के स्थिर होने से बढ़ती है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,**
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### बीकानेर हाउस में सजा राजस्थान की कला, संस्कृति और परंपरा का महोत्सव

# मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में 'राजस्थान उत्सव 2026' का किया शुभारंभ

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आयोजित 'राजस्थान उत्सव 2026' का रविवार को भव्य शुभारंभ किया। राष्ट्रीय राजधानी में 25 मार्च तक आयोजित होने वाला यह उत्सव राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, हस्तशिल्प, लोकसंगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की झलक प्रस्तुत करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति, लोक परंपराएं और कला-संस्कृति हमारी गौरवशाली पहचान का आधार हैं। राज्य सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव देश-विदेश के लोगों को राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

सीएम भजनलाल ने मेले में राजीविका और ग्रामीण गैर-कृषि विकास एजेंसी (रूडा) की तरफ से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकारों और राजीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने हस्तशिल्प उत्पादों, पारंपरिक वस्त्रों और कलात्मक कृतियों की सराहना करते हुए उनके अनुभव और कार्य प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने राजीविका दीदियों से स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री और आजीविका के अवसरों के बारे में चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है। ऐसे आयोजन शिल्पकारों और एसएचजी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं।

इस अवसर पर सांसद मदन राठौड़, घनश्याम तिवाड़ी, पी.पी. चौधरी, दामोदर अग्रवाल, मंजू शर्मा, चुन्नीलाल गरासिया, राजेंद्र गहलोत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी, आवासीय आयुक्त नवीन जैन सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, कलाकार, शिल्पकार और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## बीकानेर हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन





*बीकानेर हाउस परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थानी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर (बाएं से दाएं) मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत। प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम।*

बीकानेर हाउस परिसर में मुख्यमंत्री ने राजस्थानी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें राजस्थान के लोकजीवन, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक परंपराओं को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अलवर के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रवीण प्रजापत ने पारंपरिक मटका भवाई नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, कलाकार विष्णु दत्त शर्मा द्वारा प्रस्तुत 'ब्रज के रंग' के साथ ही मनमोहक मयूर नृत्य और फूलों की होली की रंगारंग प्रस्तुति ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### CM ने 'विकसित राजस्थान रन-2026' को दिखाई हरी झंडी

# युवाओं के सपनों को उड़ान दे रही सरकार

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर रविवार को जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में 'विकसित राजस्थान रन-2026' का आयोजन किया गया। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अमर जवान ज्योति से राज्य स्तरीय रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने भी युवाओं, खिलाड़ियों और आमजन के साथ दौड़ लगाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियमित दौड़ लगाना स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। दिन की शुरुआत दौड़ के साथ करने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है, स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान ने देशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है। शर्मा ने कहा कि अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे, तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष से राजस्थान दिवस को तिथि के अनुसार मनाने की नई परंपरा शुरू की है। 30 मार्च, 1949 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रेवती नक्षत्र, इंद्र योग में विभिन्न रियासतों को एकत्रित कर वृहद राजस्थान की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि गृह-नक्षत्र देखकर नए कार्य की शुरुआत करना हमारी संस्कृति में है। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा व मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभः** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन पर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में बिजली, पानी, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं। साथ ही, राज्य सरकार किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ लगाई दौड़



फोटो: राजेश कुमावत

### युवाओं के लिए नई युवा नीति

राज्य सरकार युवाओं के लिए 'युवा नीति' लाई है। युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता भी बनें। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप अपने सपनों की उड़ान के लिए तैयार रहिए, राज्य सरकार आपके सपनों को साकार करने में हरसंभव मदद करेगी। प्रदेश सरकार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, वहीं 1 लाख 33 हजार भर्ती प्रक्रियाधीन हैं और 1 लाख से अधिक पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात करने वाले आज सलाखों के पीछे हैं।

## बेधड़क FIRST

### राहुल गांधी का नया दांव

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्व सांसद और समाजवादी नेता कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। उनका यह कदम उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति में असर डाल सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह प्रयास मायावती को भी लुभाने की रणनीति हो सकती है। हालांकि मौजूदा हालात में कांग्रेस और बसपा का एकजुट होना मुश्किल नजर आ रहा है।

### IAS नीरज के. पवन का शायराना अंदाज

आईएएस नीरज के. पवन का शायराना अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। नीरज की आज की पोस्ट पावर गैलेरी में वायरल हो रही है। उन्होंने लिखा ये क्या कि तुम कभी भी मीजान बदल देते हो, मैं सा रे गा मा लगाता हूं, तुम तान बदल देते हो। बरसों बरस तैयार करता हूं मैं अपने पंख और जब मौका आता है, तुम उड़ान बदल देते हो। नीरज को शायरी लिखने का शौक है, लेकिन आज की पोस्ट में छिपे भाव और अर्थ को लोग अलग तरह से पढ़ रहे हैं।

### राजस्थान यूथ कांग्रेस के नए अध्यक्ष के लिए दौड़

राजस्थान यूथ कांग्रेस के नए अध्यक्ष पद के लिए सियासी दौड़ तेज हो गई है। अनिल चौपड़ा और अभिषेक चौधरी ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। चौपड़ा पहले लोकसभा और अभिषेक पहले विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, पारस गुर्जर और मुकुल खींचड़ ने भी मेल-मुलाकात का सिलसिला शुरू किया है। पारस गुर्जर हाल ही में दिल्ली जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले। यशवीर शूरा और सुधींद्र मूंड ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उपाध्यक्ष और अन्य पदों के लिए भी कई युवा नेता भाग्य आजमा रहे हैं। यूथ कांग्रेस में एक बार फिर मेंबरशिप और पैसों की होड़ मचेगी। बड़े नेता फिलहाल चुनाव से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन विधायकों ने अपने समर्थकों के लिए लॉबिंग शुरू कर दी है।

### क्या नीतीश कुमार बन सकते हैं NDA के नए संयोजक?

अब राजनीतिक विश्लेषक और समर्थक अपने-अपने आकलन लगा रहे हैं। दिल्ली और पटना के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या नीतीश कुमार एनडीए के नए संयोजक बन सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते उनकी सक्रियता और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक और समर्थक अलग-अलग अनुमान लगा रहे हैं कि क्या 'सुशासन बाबू' अपने पुराने अंदाज में काम करेंगे या सेहत उनकी नई जिम्मेदारी में बाधक बनेगी।

### लोकसभा अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

## बिरला ने दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा स्थित कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों पर बिरला ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यालय पर पहुंचे दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भी भेंट की। उन्होंने कहा कि यह साधन दिव्यांग भाई-बहनों के जीवन को अधिक सुगम बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेगा। बिरला ने दिव्यांगजनों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी को सामर्थ्य प्रदान करें तथा उनके जीवन में सदैव उत्साह, आत्मविश्वास और मुस्कान बनी रहे।

### जौहर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए यूपी के CM

# जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कर रही कमजोर: योगी

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है और समाज को फिर से गुलामी की ओर धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, मर्यादा और राष्ट्रीय अस्मिता का जीवंत प्रहरी है।

सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को जौहर स्मृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में योगी ने कहा कि महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे राष्ट्रनायकों ने सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि समाज को जातिवाद के आधार पर बांटने की राजनीति देश की एकता और शक्ति को कमजोर करती है।

योगी ने मेवाड़ और उत्तर प्रदेश के आध्यात्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, उसमें राजस्थान की इस वीर भूमि का भी योगदान है। उन्होंने कहा कि उनके पूज्य दादा गुरु इसी भूमि से गोरखपुर गए थे और यही तेज आज भी प्रेरणा देता है।

जौहर की परंपरा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी पद्मिनी का जौहर केवल प्राणों का त्याग नहीं था, बल्कि नारी गरिमा की रक्षा का सर्वोच्च संकल्प था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। योगी ने कहा कि भारत के कमजोर होने का एक बड़ा कारण जातिवाद रहा है, जिसने समाज की नींव को दरका दिया। उन्होंने महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा कि वीरों का मूल्य उनके कर्म से होता है, न कि जाति और गोत्र से।

मुख्यमंत्री ने कुछ राजनीतिक शक्तियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे समाज को जाति और अफवाहों के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं और देश में अविश्वास का माहौल पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यही लोग राम मंदिर के निर्माण का विरोध करते रहे और भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर भी सवाल उठाते रहे हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि उनका 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का आह्वान पूरे भारत के लिए था। उन्होंने कहा कि यदि नेताजी होते तो शायद भारत का विभाजन नहीं होता।



### इतिहास पुरुषों को जातियों में बांटना कष्टकारी

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग भारत के स्वाभिमान, अस्मिता और अदम्य जिजीविषा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतिहास पुरुषों को राजनीतिक स्वार्थ के लिए जातियों में बांटने का प्रयास अत्यंत कष्टकारी है। शेखावत ने कहा कि महाराष्ट्र की तरह राजस्थान में भी समाज के सभी वर्गों को महाराणा प्रताप और अन्य वीरों को अपनी साझा अस्मिता का प्रतीक मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा बप्पा रावल से लेकर महाराणा राज सिंह तक का बलिदान किसी एक जाति के लिए नहीं, बल्कि पूरे हिंदू धर्म और सभ्यता की रक्षा के लिए था। केंद्रीय मंत्री ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग के विकास को लेकर कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि दुर्ग की मर्यादा और यूनेस्को की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए यहां एक अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर विकसित किया जाएगा, जहां पर्यटक भारत की गौरवशाली परंपराओं और बलिदान के इतिहास को अनुभव कर सकेंगे। इसके अलावा मां मीराबाई की स्मृति में भी एक भव्य एक्सपीरियंस सेंटर बनाया जाएगा, जिसके लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। दुर्ग पर ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सूरजपोल की ओर से एक वैकल्पिक मार्ग बनाने का कार्य भी शुरू किया गया है, जिससे दुर्ग पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जा सकेगी।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।